53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 9.0 °c | अधिकतम 22.0 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:09 सूर्यास्त-5:55 | वर्ष : 53/ अंक : 29 | बृहस्पतिवार, 30 जनवरी 2025 | माघ, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

अमृतवाणी

गौरव लक्ष्य पाने के लिए कोशिश करने में हैं, न कि लक्ष्य तक पहुंचने में।

महाकुंभ हादसे की जिम्मेदारी लें योगी, इस्तीफा दें : शिवपाल यादव

जो दिवंगत हो गए उनका भी थोड़ा गम करो....

महाकुंभ भगदड़ में 30 लोगों की जान गई

बेरिकेड्स टूटने पर हुआ हादसा, 90 लोगों के घायल होने का दावा, कहा-संगम पर लेटे लोगों के ऊपर चढ़ गई भीड़

प्रयागराज, 29 जनवरी (एजेंसी)। महाकुंभ मेले में भगदड़ को लेकर महाकुंभ नगर मेला क्षेत्र प्रशासन ने आधिकारिक आंकड़े जारी किए हैं। जिसमें बताया गया है कि मंगलवार की रात को मची भगदड़ में 30 लोगों ने अपनी जान गंवाई है। साथ ही 90 लोग घायल हुए हैं। महाकुंभ मेला क्षेत्र के डीआईजी वैभव कृष्ण ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि बैरिकेड्स टूटने की वजह से भगदड़ हुई। प्रशासन इसे ही अहम वजह बता रहा है। डीआईजी ने बताया कि महाकुंभ में कल रात 1 से 2 बजे के बीच भगदड़ हुई। जिसमें घायल हुए 90 लोगों को अस्पताल लगाया गया। इनमें से 30 लोगों ने दम तोड़ दिया। जिसमें से 25 लोगों की शिनाख्त हो गई है। हादसे में जान गंवाने वालों में कर्नाटक के चार, गुजरात के एक, असम के एक श्रद्धालु की मौत हुई है। शेष की पहचान की जानी बाकी है। 90 लोग घायल हैं। कुछ घायलों को परिवार वाले लेकर चले गए। इसके अलावा 36 घायलों का इलाज स्थानीय मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। भगदड़ के बाद राहत और बचाव कार्य करते हुए ग्रीन कोरिडोर बनाया गया था। डीआईजी वैभव कृष्ण ने बताया कि भगदड़ के समय संगम पर जो लोग लेटे हुए थे, उनके ऊपर भीड़ चढ़ गई। आज 29 जनवरी को शासन से सख्त निर्देश थे कि कोई वीआईपी मूवमेंट नहीं रहेगा। भगदड़ से जुड़ी जानकारी साझा कर रहे डीआईजी वैभव कृष्ण ने मीडिया के सवालों के उत्तर नहीं दिए और उन्होंने कहा कि हमें लोगों को उनके घरों तक पहुंचाना, हाथ जोड़कर निवेदन है कि हमारा सहयोग कीजिए। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला प्रशासन द्वारा एक हेल्पलाइन नंबर 1920 जारी किया गया है, जिससे कोई व्यक्ति अगर गायब है तो उसके संबंध में जानकारी की जा सकती है। प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि इस समय स्थिति सामान्य है। मुख्यमंत्री द्वारा सभी पूज्यनीय महामंडलेश्वर, संतों और अखाड़ों से वार्ता कर आग्रह किया गया कि अमृत स्नान थोड़ी देर से किया जाए। सभी संतों ने इस बात को माना और आज अमृत स्नान थोड़ी देर से हुआ। जोकि सकुशल संपन्न हुआ है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अमृत स्नान की भीड़ को देखते हुए वीवीआईपी प्रोटोकॉल को स्थगित किया गया था। घटना के कारणों का जिक्र करते हुए डीआईजी ने कहा कि संगम नोज पर भारी भीड़ देर रात जमा हो गई थी। वहां अखाड़ों के शाही स्नान के लिए बैरिकेड लगाए गए थे। उस पर दबाव पड़ने के कारण बैरिकेड टूट गया। इस वजह से लोग गिरे और भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। वहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु देर रात पॉलिथीन बिछाकर लेटे हुए थे। उनके ऊपर से भीड़ निकल गई। भीड़ में दबाकर लोगों की मौत हुई। मृतकों में 25 की पहचान कर ली गई है। डीआईजी ने कहा कि जल्द ही मृतकों के बारे में पूरी जानकारी दे दी जाएगी। मौनी अमावस्या अमृत स्नान शुरू होने से पहले ही संगम नोज पर घटी घटना ने उत्तर प्रदेश सरकार और प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी थी। संगम नगरी में 5 करोड़ से अधिक लोग मौजूद थे। वहीं, प्रयागराज आने वाली सड़कों पर भी करोड़ों लोग वाहनों में सवार होकर संगम नगरी पहुंचने की कोशिश कर रहे थे। ऐसे में प्रयागराज मेला प्रबंधन ने सबसे पहले मौनी अमावस्या अमृत स्नान की प्रक्रिया को पूरी करने का निर्णय लिया।

महाकुंभ हादसे पर रो पड़े मुख्यमंत्री योगी, भगदड़ की न्यायिक जांच के दिए आदेश

प्रयागराज, 29 जनवरी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज महाकुंभ हादसे में मृतकों की जानकारी देते समय सीएम योगी आदित्यनाथ भावुक हो गए। उनका गला रुंध गया। उन्होंने मौनी अमावस्या पर भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद पहले से लगाई थी। तमाम आयोजनों में 10 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन की बात कही जा रही थी। इसके लिए तैयारी भी किए जाने का दावा किया गया। लेकिन, मंगलवार को उमड़ी भीड़ को नियंत्रित करने में सफलता नहीं मिल पाई। इस कारण महाकुंभ मेला में दुखद हादसा हुआ। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे को लेकर कहा कि इस पर सवाल उठेंगे। लेकिन, हमारी सरकार और प्रशासन की ओर से इस हादसे से निपटने की कोशिश की गई है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ भगदड़ हादसे में मरने वालों के लिए मुआवजे का ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि हादसे में मरने वालों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये दिए जाएंगे। साथ ही, मुख्यमंत्री ने घटना की न्यायिक जांच के आदेश भी दिए हैं। इस हादसे की तीन सदस्यीय कमिटी जांच करेगी। महाकुंभ हादसे के बाद से ही सीएम योगी इस पर नजर बनाए हुए थे। सुबह से ही लगातार बैठकों का दौर चल रहा था। सुबह में हादसे की जानकारी देने के दौरान योगी आदित्यनाथ शांत नजर आए। लेकिन, शाम को हादसे में श्रद्धालुओं की मौत की जानकारी देते हुए वे भावुक हो गए और रोने लगे। सीएम योगी ने कहा कि मौनी अमावस्या को लेकर मंगलवार शाम 7:00 बजे से ही काफी बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन प्रयागराज पहुंचकर पुण्य स्नान कर रहे थे। काफी बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन ब्रह्म मुहूर्त का भी इंतजार कर रहे थे। एक दुर्भाग्यपूर्ण हादसा इसी दौरान अखाड़ा मार्ग पर संगम के तट पर हुआ। सीएम ने कहा कि इस हादसे में 90 से ज्यादा लोग घायल हो गए। सीएम ने कहा कि यह हादसा भारी भीड़ के दबाव के कारण अखाड़ा मार्ग के वेरिफिकेशन को तोड़ने और उसके बाद उसे पार कर-के जाने के कारण हुआ है। इसी दौरान सीएम योगी भावुक होकर रोने लगे। उन्होंने रुंधे लगे से अटकते हुए कहा कि इस हादसे में 30 लोगों की दुखद मृत्यु हुई है।

हादसे में मारे गये श्रद्धालुओं के परिजनों को 25-25 लाख की आर्थिक मदद का ऐलान

धड़ाधड़ मिल रहे अनैतिक कार्य कराने वाले कैफे और स्पा सैंटर

मुजफ्फरनगर, 29 जनवरी (बु.)। आदर्शों, संस्कारों को ताक पर रखकर नौजवां पीढ़ी किस ओर भटक रही है, यह बताने की शायद जरूरत ही नहीं है। युवक-युवतियों के अनैतिक कार्य करने के अड्डे अब होटल, कैफे सैंटर और यहां तक कि स्पा सैंटर भी बन चुके हैं। एक बार फिर मुजफ्फरनगर के महावीर चौक पर स्वरूप स्क्वायर कॉम्पलेक्स में मौजूद गोल्ड स्पा सेंटर में पुलिस को कुछ युवतियां व अनैतिक कार्य होने की सूचना मिली। स्पा सैंटर पर सीओ मंडी रुपाली राय चौधरी व सीओ सदर राजकुमार साव के नेतृत्व में सिविल लाइन पुलिस व एएचयूटी की टीम ने दबिश दी। दबिश के दौरान स्पा सैंटर से पुलिस ने तीन युवतियों व स्पा सैंटर संचालिका को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि मौके से आपत्तिजनक सामान भी बरामद किया गया है और पुलिस का मानना है कि स्पा सैंटर पर अनैतिक कार्य कराये जा रहे थे। तीनों युवतियों को पुलिस थाना सिविल लाइन ले आई, जहां सीओ सदर राजकुमार साव की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गयी।

संचालिका समेत चार लोग गिरफ्तार

लगभग डेढ़ माह पहले इसी मार्किट में एक कैफे सैंटर से दर्जनों युवक-युवती अनैतिक कार्य में लिप्त मिले थे

मुजफ्फरनगर। महावीर चौक स्थित स्वरूप स्क्वायर से लगभग डेढ़ माह पहले एक कैफे सैंटर से कई दर्जन युवक-युवती आपत्तिजनक हालत में मिले थे, जिनमें बड़ी मात्रा में स्कूल के छात्र-छात्राएं भी शामिल थे। पुलिस ने इस मामले में कार्यवाही करते हुए कैफे संचालक को गिरफ्तार किया था और युवक-युवतियों को उनके परिजनों को बुलाकर उन्हें सौंप दिया था। इसी कैफे से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई थी। मुजफ्फरनगर में इसके अलावा भी पुलिस द्वारा भोपा रोड पर डेढ़ माह पहले ही एक स्पा सैंटर पर छापामारी की गयी थी। इसमें भी संचालक यहां मौजूद युवतियों को भगाने में सफल हो गये थे। बड़ी बात यह है कि इतनी घटनाएं होने के बावजूद अभी भी कैफे, स्पा सैंटर और होटल संचालक अनैतिक कार्य कराने से बाज नहीं आ रहे हैं। जिस भी सैंटर पर अब तक छापामारी हुई है, वहां मिली आपत्तिजनक सामग्री से ही यह तस्वीर साफ हो जाती है कि यह सैंटर युवक-युवतियों को बिगड़ने का खूब अवसर दे रहे हैं। इन्हीं सैंटरों से उन्हें रूम, प्राइवेट चैम्बर तथा आपत्तिजनक सामग्री आसानी से कुछ पैसा खर्च करके मुहैया करा दी जाती हैं। ऐसे में मुजफ्फरनगर के अंदर अभी कितने ही सैंटर ऐसे बाकी हैं, जिन पर यह काम चोरी-छिपे चल रहे हैं, मगर अभी वह पुलिस की पहुंच से बाहर हैं।

जीएसटी टीम ने नवीन मंडी में दो प्रतिष्ठानों पर मारा छापा

तेल विक्रेताओं के दस्तावेजों को देर रात तक खंगालने में जुटी टीम ▸ क्रय-विक्रय में अनियमितता पर होगी जुर्माना वसूली

मुजफ्फरनगर, 29 जनवरी (बु.)। शहर के नवीन मंडी स्थित गुड़ मंडी में विनायक ट्रेडर्स और जैन ट्रेडर्स के प्रतिष्ठानों पर बुधवार को स्टेट जीएसटी विभाग टीम ने छापेमारी की। शिकायत के आधार पर इन प्रतिष्ठानों की जांच को पहुंचे विभागीय अधिकारियों की कई घंटों की जांच-पड़ताल में बिलों की गड़बड़ी पकड़ी गई। देर सायं तक टीम ने प्रतिष्ठानों में मौजूद स्टाक की गणना करने के साथ बिलों को कब्जे में लिया है, जिसकी आगे भी जांच प्रक्रिया जारी रहेगी। देर सायं तक जारी रही छापेमारी से नवीन मंडी स्थल पर हड़कंप सा मचा रहा। छापे की सूचना पर पहुंचे व्यापारी नेता संजय मित्तल ने भी अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए जांच में सहयोग का आश्वासन दिया।

बुधवार दोपहर स्थानीय स्टेट जीएसटी की एसआइबी विंग के ज्वाइंट कमिश्नर सिद्धेश दीक्षित ने प्राप्त सूचना के आधार पर नवीन मंडी की दो फर्मों को जांच के लिए चिन्हित किया। इस बीच में प्राप्त सूचना के आधार पर डिप्टी कमिश्नर विवेक मिश्रा के नेतृत्व में जीएसटी टीम का गठन करते हुए बुधवार की दोपहर टीम जांच के लिए ब्रांडेड कंपनी के खास तेल विक्रय करने वाले कारोबारी की नवीन मंडी स्थित विनायक ट्रेडर्स और जैन ट्रेडर्स के प्रतिष्ठान पर पहुंचे। टीम के पहुंचते ही नई मंडी के व्यापारियों में हलचल मच गई। जीएसटी टीम ने प्रतिष्ठान पर पहुंचकर कारोबारी के स्टाक की गणना की, जिसके बाद वहां मिली डिवाइस और कागजों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। इस दौरान टीम को यहां पर शुरूआती जांच में क्रय व विक्रय बिलों के लेनदेन की प्रक्रिया में भारी गड़बड़ी मिली, जिसमें जीएसटी चोरी की आशंका भी जताई गई। इसके बाद विभागीय टीम के अधिकारियों ने बुधवार देर रात तक दस्तावेजों की जांच की। जीएसटी टीम अधिकारियों के अनुसार दोनों प्रतिष्ठानों पर माल के क्रय-विक्रय के स्टाक और बिलों में एक बड़ा अंतर मिला है। जीएसटी विभाग के ज्वाइंट कमिश्नर सिद्धेश दीक्षित ने बताया कि जीएसटी टीम ने विनायक ट्रेडर्स और जैन ट्रेडर्स के प्रतिष्ठान पर जांच की है। उक्त जांच देर रात्रि तक जारी है। जांच के बाद ही जीएसटी जुर्माने की धनराशि तय करने के साथ जमा कराई जाएगी।

सामूहिक विवाह योजना में एक-दूजे के हुए 930 जोड़े

▸ 265 मुस्लिम और 665 हिन्दू जोड़ों ने ली साथ निभाने की कसमें ▸ माननीयों व अफसरों ने दिया नव दंपत्तियों को आशीर्वाद

मुजफ्फरनगर, 29 जनवरी (बु.)। मेरठ रोड स्थित नुमाईश मैदान बुधवार को सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सामूहिक वैवाहिक कार्यक्रम का साक्षी बना, जहां व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास विभाग के राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न कार्यक्रम में कुल पंजीकृत 1,017 जोड़ों में से 929 जोड़े अपनी धर्म परंपराओं के अनुरूप एक-दूजे के हो गए। जीवन पर्यंत साथ निभाने के इस पवित्र संकल्प के साथ एक-दूजे के हुए नवयुगलों में पंजीकृत 295 मुस्लिम जोड़ों में से 265 जोड़ों का निकाह और पंजीकृत 722 हिंदू जोड़ों में से 665 जोड़ों का हिन्दू रीति के बीच विवाह संपन्न कराया। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल को कार्यक्रम में पधारने पर डीएम उमेश मिश्रा ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि जब बेटी बड़ी हो जाती है तो माता-पिता को चिंता होती है, कि बेटी पढ़ ली है, ऐसी संवेदना पिता के मन में होती है। इसी संवेदना को महसूस करते हुए प्रधानमंत्री के निर्देशन में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यूपी की बेटियों को अपनी बेटियां समझते हैं।

शेष - पृष्ठ-4 पर

930 बेटियों के खातों में पहुंचे 3.25 करोड़ रुपए का कन्यादान

मुजफ्फरनगर, 29 जनवरी (बु.)। प्रदेश की योगी सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में शुमार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जनपद में 930 बेटियों को नुमाईश ग्राउंड में भव्य रूप से सजाएं पंडाल में दांपत्य बंधन में बंधने का सौभाग्य मिला। यही नहीं इन गरीब परिवारों की बिटिया की शादी में योगी सरकार के मंत्री एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ जिले के आला अफसरों ने अपने घर की बिटिया की शादी की भांति पूर्ण जिम्मेदारी का वहन करते हुए खुशी-खुशी प्रेमोपहार देकर विदा किया। योगी सरकार की ओर से आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शासन स्तर से जारी प्रत्येक कन्या की शादी के लिए निर्धारित 51 हजार रुपए व्यय करने की व्यवस्था की गई। प्रत्येक बेटी को कन्यादान के रूप में 35 हजारकी धनराशि मिलती है। कार्यक्रम में 930 बेटियों की शादी हुई है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में करीब 3.25 करोड़ की धनराशि जहां एक ओर डीबीटी के माध्यम से बेटियों के खातों में पहुंची। वहीं प्रशासन की ओर से योजना के तहत वधु के लिए शादी का जोड़ा, एक जोड़ी पाजेब, एक जोड़ी बिछिया, वर के लिए एक जोड़ी पेट-शर्ट का कपड़ा, सेहरा, मुकुट और गमछे के साथ ही 51 बर्तनों का डिनर सेट, प्रेशर कुकर, एवं ट्रॉली बैग आदि सामान दिया गया है। वहीं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए करीब 474 करोड की धनराशि खर्च की गई।

नुमाईश कैम्प में मुस्लिम युवकों का आतंक : युवतियों की वीडियो बनाने से रोका तो कर डाली आइस्क्रीम पार्लर संचालक की पिटाई

मुजफ्फरनगर, 29 जनवरी (बु.)। देर रात नुमाईश कैम्प में उस समय मुस्लिम युवकों ने अपना आतंक दिखाया, जब नुमाईश कैम्प के निकट ऑनरोड क्वीन डेयरी आईस्क्रीम पार्लर संचालित करने वाले विशाल डुमरा पुत्र अशोक डुमरा ने कुछ मुस्लिम युवकों को अपने पार्लर में युवतियों की वीडियो बनाने से रोक दिया। बताया जाता है कि कुछ युवतियां रात्रि के समय आईस्क्रीम पार्लर में आईस्क्रीम खा रही थी, तभी कुछ युवक आये और उन्होंने युवतियों की वीडियो बनाना शुरू कर दिया, इस पर पार्लर संचालक विशाल डुमरा ने उन्हें दुकान के अन्दर वीडियो बनाने से मना कर दिया। इस पर मुस्लिम युवक युवतियों से अपना रिश्ता बताने लगे, तब भी विशाल डुमरा ने कहा कि वें अपनी दुकान के अन्दर युवतियों की वीडियो नहीं बनाने देंगे, यह कानून के हिसाब से गलत है। इस पर मुस्लिम युवकों ने गाली-गलौच करते हुए बुरी तरह विशाल डुमरा की पिटाई कर डाली। आइस्क्रीम पार्लर में शोर मचते ही क्षेत्र के लोग वहां इकट्ठा हो गये, मगर इसी बीच युवक बुरी तरह विशाल को पीटते हुए भाग जाने में सफल हो गये। उक्त पूरा मामला कैमरे में कैद हो गया। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। देर रात में ही विशाल डूमरा का मैडिकल कराया गया। विशाल डुमरा की आंख के निकट गहरी चोटें साफ दिखाई दे रही थी और उन चोटों से खून निकल रहा था। पुलिस को उक्त मामले में तहरीर दे दी गयी और वीडियो के आधार पर जांच शुरू कर दी गयी है।

देर रात कराया गया विशाल का मेडिकल, नुमाइश कैम्प इलाके में रोष व्याप्त

खतौली के रतनपुरी में तमंचों से आतंकित कर युवती के साथ दुष्कर्म

रतनपुरी, 29 जनवरी (बु.)। रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक मुस्लिम व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 26 जनवरी की रात लगभग आठ बजे उसकी पुत्री अपने ताऊ की डेयरी से दूध लेकर घर वापस लौट रही थी। आरोप है कि क्षेत्र के ही कामरान पुत्र उमर मौहम्मद व कैफ पुत्र बहादुर बाइक पर सवार होकर उसकी पुत्री को तमंचे से आतंकित कर उसे अगुवा कर गांव के बाहर स्थित एक कोल्हू पर ले गये, जहां युवती को कमरे में बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म किया गया, जिसे अगले दिन सुबह युवक वापस छोड़ गये। उक्त युवती सोमवार की सुबह मंगत अली पुत्र नत्थू के कोल्हू पर मिली, जहां वह डरी व सहमी हुई बैठी थी। परिजनों ने पुलिस को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। उक्त मामले में पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है।

बोर्ड बैठक आज : नगर क्षेत्र में टैक्स को बढ़ाने की तैयारी

▸ इस बार 15 प्रतिशत टैक्स बढ़ोतरी का प्रस्ताव तैयार ▸ बीते कार्यकाल में जनविरोध से वापस लेना पड़ा था फैसला ▸ अब नौ साल के बाद फिर से शहर में टैक्स बढ़ाने की योजना

मुजफ्फरनगर, 29 जनवरी (बु.)। नगरपालिका परिषद् द्वारा अब नगर की जनता के साथ ही नव विस्तारित क्षेत्र के रहने वालों को टैक्स बढ़ोतरी की सौगात देने की तैयारी की गई है। इसके लिए नगर पालिका कर विभाग द्वारा शासनादेश के अनुसार तैयार की गई नियमावली को चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप द्वारा हरी झंडी देते हुए टैक्स बढ़ोतरी का प्रस्ताव बोर्ड बैठक में लाया जा रहा है। इस प्रस्ताव में 15 प्रतिशत तक गृह व जल कर में बढ़ोतरी करने के साथ खाली प्लॉट पर भी टैक्स लगाने की तैयार है। वहीं नव विस्तारित क्षेत्र में भी अब पालिका नए नियमों के अधीन टैक्स लगाने की दिशा में आगे बढ़ी है। अंतिम फैसला बोर्ड बैठक में होना है, पूर्व में भी टैक्स बढ़ाने का प्रयास किया था, लेकिन भारी जनविरोध के कारण अंजू अग्रवाल के बोर्ड को निर्णय वापस लेना पड़ा था।

नगरपालिका परिषद् की साल की पहली बैठक 30 जनवरी को पूर्वान्ह 11 बजे होने जा रही है। कुल 77 प्रस्ताव वाला एजेंडा ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने जारी कर दिया है। इस एजेंडे में कर विभाग द्वारा शामिल प्रस्ताव संख्या 429 में शहरी क्षेत्र में सभी आवासीय और अनावासीय भवनों के साथ रिक्त भू-खंड पर नये सिरे से कर निर्धारण करते हुए बोर्ड की स्वीकृति मांगी है। कहा गया कि नगरीय निकायों में स्थित अचल संपत्तियों पर करारोपण के लिए 20 दिसम्बर 2024 को नया शासनादेश जारी किया गया है। इसी के अनुपालन के लिए प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा सभी निकायों में भवन और भूमि पर वार्षिक मूल्य पर कर आरोपण के लिए नियमावली प्रख्यापित की है। इसमें प्रावधान किया कि नियमावली के प्रकाशन के 6 माह के भीतर सभी निकायों में संपत्तियों का मूल्यांकन व कर निर्धारण कर लिया जाये। इसके आधार पर नगरपालिका परिषद् ने शहरी क्षेत्र के सभी 55 वार्डों में स्थित समस्त अचल सम्पत्तियों पर नये सिरे से वार्षिक मूल्यांकन तय करते हुए नया टैक्स लगाने की तैयारी की है। 30 जनवरी को होने जा रही बोर्ड बैठक में इस पर विचार किया जायेगा। यदि सहमति बनी तो इसको लागू किया जायेगा।

इन्होंने कहा-

"कर निर्धारण अधिकारी दिनेश यादव ने बताया कि विभागीय स्तर पर नगर क्षेत्र में स्थित अचल सम्पत्तियों पर नया कर निर्धारण करने के लिए प्रस्ताव दिया है, जो बोर्ड बैठक में आ रहा है। इसमें 10 से 15 प्रतिशत कर बढ़ाने का प्रस्ताव किया गया है, ताकि पालिका आय को बढ़ाया जा सके। उनका कहना है कि साल 2016 से शहरी क्षेत्र में सम्पत्तियों पर टैक्स नहीं बढ़ाया गया। नौ साल बाद अब पालिका यह कदम उठाने जा रही है। प्रस्ताव यदि पारित होता है तो इसके बाद टैक्स निर्धारिण के लिए आपत्तियां आमंत्रित की जायेंगी और उनका निस्तारण करने के बाद इसका फाइनल गजट कराया जायेगा, जिसके बाद नया टैक्स लागू होगा।"

रोडवेज बस की टक्कर लगने से महिला की मौत

छपार, 29 जनवरी (बु.)। दिल्ली-देहरादून नेशनल हाईवे पर रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसके पति को मामूली खरोंच ही आई। क्षेत्र के गांव बसेड़ा निवासी अनुपम प्रजापति पुत्र रामकिशन बुधवार दोपहर साढ़े 12 बजे के लगभग अपनी 36 वर्षीया पत्नी रीतू के साथ बाइक से मुजफ्फरनगर जा रहे थे। जैसे ही लोग हाईवे पर छपार में जय भारत इंटर कालेज से थोड़ा आगे पहुंचे, तो पीछे से तेज गति से आ रहे मेरठ डिपो की रोडवेज बस के चालक ने अनियंत्रित होकर बाइक में टक्कर मार दी। बस का पहिया उतरने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अनुपम को मामूली चोटें ही आई। चालक बस सहित फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

आज का इतिहास

नई दिल्ली, 29 जनवरी (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 30 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार है। 1530-मेवाड़ के राणा संग्राम सिंह का निधन। 1649-इंग्लैंड के सम्राट ह्यचार्ल्स प्रथमह्न का सिर कलम किया गया। 1790-पहली लाइफबोट को टायन नदी में उतारा गया। 1889-प्रसिद्ध हिन्दी साहित्यकार जयशंकर प्रसाद का जन्म। 1903-लॉर्ड कर्जन ने कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) के मेटकॉफ हॉल में ह्यइंपीरियल लाइब्रेरीह्न का उद्घाटन किया। 1910-भारतीय राजनेता, वकील और पूर्व रक्षा मंत्री चिदंबरम सुब्रमण्यम का जन्म। 1911-ह्यकैनेडियन नेवल सर्विसह्न का नाम बदलकर ह्यरॉयल कैनेडियन नेवीह्न किया गया। 1913-प्रसिद्ध भारतीय महिला चित्रकार अमृता शेरगिल का जन्म। 1933-एडॉल्फ हिटलर ने जर्मनी के चांसलर के तौर पर शपथ ली। 1948-नाथू राम गोडसे ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या की। 1949-रात्रि एयर मेल सेवा की शुरूआत हुई। 1964-दक्षिण वियतनाम में सेना ने रक्तविहीन तख्तापलट के जरिये सत्ता पर कब्जा किया। 1968-हिन्दी के महान पत्रकार एवं साहित्यकार माखन लाल चतुर्वेदी का निधन। 1971-इंडियन एयरलाइंस के ह्यफोकर फ्रेंडशिप विमानह्न का अपहरण। 1972-पाकिस्तान ने ह्यराष्ट्रमंडलह्न से अपना नाम वापस लिया। 1989-अमेरिका ने अफगानिस्तान के काबुल में अपना दूतावास बंद किया। 1991-इराकी सेना ने सउदी अरब की सीमा के नजदीक एक शहर पर कब्जा किया। इस हमले में 12 अमेरिकी सैनिक मारे गए। 2007-टाटा ने एंग्लो डच स्टील निमार्ता कंपनी कोरस ग्रुप को 12 अरब डॉलर से अधिक में खरीदा। 2008-चेन्नई की एक विशेष अदालत ने बहुचर्चित स्टॉम्प पेपर घोटाले के मामले के मुख्य आरोपी अब्दुल करीम तेलगी को 10 साल कारावास की सजा सुनाई। 2016-नाइजीरिया में मैदुगुरी के दालोरी के पास बोको हराम के हमले में 65 लोग मारे गये तथा 136 लोग घायल हुए।

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 29 जनवरी, (बु.)। गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- ढैया 1350, रसकट ढैया 1230-1240, चाकू 1360-1450, लड्डू 1360-1421, खुरपापाड़ 1320-1345, शक्कर मसाला 1400-1415। आमद- 6000 मन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 29 जनवरी, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

सोना-	82600	चांदी-	91400
सिक्का-	10500	गिन्नी-	61730

आपका आज का राशिफल

बृहस्पतिवार, 30 जनवरी, 2024

मेष- आर्थिक क्षेत्र में प्रगति का मार्ग प्रशस्त, इच्छा के अनुकूल घटनाएँ घटित, धर्म में रुचि, शुभ समाचार से घरेलू वातावरण सुखद, मौज-मस्ती में व्यय की अधिकता।
वृषभ- प्रियजनों के माध्यम से समस्या का समाधान, राजनीतिक कृत्यों में रुझान, वैवाहिक जीवन में सुख-शांति, आमोद-प्रमोद के साधन, कठिनाइयों का निवारण।
मिथुन- आज रात्रि 6/35 बजे तक आर्थिक उलझने, स्वास्थ्य विपरीत, बात-बात पर क्रोध, यात्रा निष्फल, शेष समय में बुद्धि-चातुर्य से संकल्प सिद्धि, सफलता।
कर्क- आज रात्रि 6/35 बजे तक नवसम्पर्क लाभदायी, व्यापार में धन निवेश, आत्मिक शांति, शेष समय में कार्यों में अड़चनें, दाम्पत्य तनाव, गलतफहमी।
सिंह- सामयिक कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता, व्यापार में धन निवेश, विशिष्टजनों से सम्पर्क का सुपरिणाम, आपसी सलाह से कामयाबी, उत्तरदायित्व।
कन्या-व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, स्थान परिवर्तन का कार्यक्रम, प्रतियोगिता में सफलता, विरोधी असफल, आपसी गलतफहमियाँ दूर, यात्रा का सुपरिणाम।
तुला- आज रात्रि 6/35 बजे तक मान-सम्मान प्रभावी, व्यवसाय में असंतोष, विचारों में उग्रता, शेष समय में नवयोजना दृष्टिगत, मांगलिक आयोजन सम्पादित।
वृश्चिक- आज रात्रि 6/35 बजे तक भाग्योन्नति के नवीन आयाम, संतान पक्ष का उत्कर्ष, धन लाभ, शेष समय विपरीत, दूसरों की भूल से स्वंय की हानि, विश्वासघात।
धनु- व्यावसायिक प्रगति, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति, मांगलिक आयोजन सम्पादित, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय, धार्मिक यात्रा।
मकर- मनोभिलाषित योजनाएँ कार्यान्वित, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल, आय के नवीन स्रोत, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, आमोद-प्रमोद के साधन।
कुम्भ- आज रात्रि 6/35 बजे तक निराशा, पुरुषार्थ में अरुचि, वैवाहिक अड़चनें, मन अशांत, शेष समय में स्वास्थ्य में सुधार, शुभ भावनाओं का उदय, धन की प्राप्ति।
मीन- आज रात्रि 6/35 बजे तक समय प्रगतिकारक, बुद्धि चातुर्य से संकल्प सिद्धि, घरेलू वातावरण सुखद, आर्थिक पक्ष से असंतोष, जीवनसाथी से कष्ट।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत्र
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

आवारा पशु ने बाइक में टक्कर मारकर चालक को किया जख्मी

बुढ़ाना, 29 जनवरी (बु.)। अपने भाई को लेने जा रहे एक ग्रामीण की बाइक में अवारा पशु ने जोरदार टक्कर मारकर जहां बाइक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त कर दिया, वहीं ग्रामीण युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसको डॉक्टरों ने मेरठ के लिए रैफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार सरफराज पुत्र नूरहसन निवासी गांव नंगला आज बुधवार की सायं बड़ौत रोड पर स्थित एक स्थान पर मजदूरी कर रहे अपने भाई को लेने के लिए जा रहा था। जब वह बुढ़ाना कस्बे के बड़ौत रोड पर स्थित सुनारों के मंदिर के समीप आया, तो अचानक ईख के खेत से एक आवारा पशु निकलकर बाइक के सामने आ गया, जब तक सरफराज कुछ समझ पाता, तब तक आवारा पशु ने बाईक में जोरदार टक्कर मारकर सरफराज को चलती बाइक से नीचे गिरा दिया और फिर वापस ईख के खेत में घुस गया। टक्कर लगते ही सरफराज अपना संतुलन खो बैठा और वह बाइक समेत जमीन में घिसटता चला गया। आसपास के लोगों ने युवक को बड़ौत रोड पर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसको गंभीर हालत में मेरठ अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। घटना की सूचना घायल युवक के फोन को आधार पर उसके परिजनों को भी मिल गयी थी।

गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहा युवक अरेस्ट, चेक बाउंस मामले में वांछित युवक भी पकड़ा

बुढ़ाना, 29 जनवरी (बु.)। पुलिस ने 2 युवकों को विभिन्न मामलों में अलग- अलग स्थानों से गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की परासौली पुलिस चौकी के इंचार्ज सुमित कुमार सिंह ने आज बुधवार के दिन बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्रपाल सिंह के निर्देश पर बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र के नेतृत्व में किसी खास मुखबिर की सटीक सूचना पर बुढ़ाना कस्बे के कांधला रोड पर काफी देर से संदिग्ध अवस्था में घूम रहे एक आवारा युवक को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ की तो उसने अपना नाम नाजिम अहमद पुत्र नफीस निवासी मौहल्ला-शेखजादगान कस्बा-काँधला, जनपद शामली बताया। बुढ़ाना पुलिस के अनुसार उक्त आरोपी नाजिम गैंगस्टर एक्ट के एक केस में कई दिनों से वांछित चल रहा था। इसके अलावा गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के ईंचार्ज संदीप कुमार ने चेक बाउंस के मामले में वांछित चल रहे एक वारण्टी साजिद पुत्र शमशेर अली निवासी ग्राम जौला को भी गिरफ्तार करते हुए लिखा-पढ़ी करने के बाद जेल भेज दिया है।

बड़ौत हादसे पर शाहपुर जैन समाज ने जताया गहरा शोक

बड़ौत में भगवान आदिनाथ निर्वाण महोत्सव के दौरान अस्थाई मंच टूटने पर हो गई थी सात भक्तों की मौत, जैन समाज में बना हुआ है शोक का वातावरण

शाहपुर, 29 जनवरी (बु.)। शाहपुर के जैन स्थानक में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। मंगलवार प्रातः काल मे बड़ौत मानस्तम्भ परिसर मे हुए बेहद दुखद हादसे से जैन समाज शाहपुर मे छाया शोक। कस्बे के मोहल्ला महाजनान मे स्थित जैन स्थानक मे सकल जैन समाज ने शोक सभा आयोजित की गई। शोक सभा से पूर्व दिवंगत आत्माओ की शांति व घायल श्रद्धालुओं के स्वस्थ लाभ हेतु नमोकर महामंत्र का सामूहिक जाप किया गया। उसके पश्चात आयोजित सभा मे श्रद्धांजलि देते हुए स्थानक जैन समाज के कोषाध्यक्ष संजीव जैन ने अपना शोक व्यक्त करते हुए कहा कि बड़ौत जैन समाज मे हुई क्षति को कभी पुरा नही किया जा सकता। इस दुखद हादसे से शाहपुर जैन समाज बहुत दुखी है। हम सभी इस दुख की घड़ी मे बड़ौत जैन समाज के साथ है। ग्रोविल स्कूल के प्रबंधक अमित जैन ने कहा कि इस असहनीय घटना से मन बहुत दुखी है। हम सभी ईश्वर से यही प्रार्थना करते है कि मृतक दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों मे स्थान दे व अस्वस्थ श्रद्धालुओं को शीघ्र स्वस्थ करे। उनके अलावा अनेको उपस्थित वक्ताओं ने अपनी संवेदनाए व्यक्त की व गहरा शोक जताया एवं भगवान महावीर से दिवंगत आत्माओं की शांति व घायल श्रद्धालुओं के स्वस्थ स्वास्थ्य की मंगल कामना की। श्रद्धांजलि सभा में जैन समाज से जुड़े सैकड़ों महिला पुरुष व बच्चे मौजूद रहे।

मेपल्स एकेडमी में हुआ वार्षिक खेल दिवस का आयोजन

स्टूडेंट्स ने योगा और डंबल का भी किया प्रदर्शन, सभी हुए प्रभावित

बुढ़ाना, 29 जनवरी (बु.)। बुधवार के दिन मेपल्स एकेडमी में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के उत्तम स्वास्थ्य व खेलों के महत्व को बढ़ावा देना है। इस विचार धारा पर बढ़ते हुए इस आयोजन का शुभारंभ मां सरस्वती की आराधना व दीप प्रज्ज्वलन उपस्थित अतिथियों एवं एकेडमी प्रबंधक राजीव गर्ग द्वारा किया गया। इसके उपरांत एकेडमी के चारों सदनों आजाद, भगत, नेहरू एवं पटेल द्वारा मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में नन्हें मुन्ने बच्चों के लिए अलग-अलग प्रकार की दौड़ और खेलकूद का आयोजन किया गया, जिसमें प्री-नर्सरी कक्षा के लिए नेचर रेस सजित प्रथम, नर्सरी कक्षा के लिए फ्रॉग रेस दक्ष प्रथम, डक रेस, जान प्रथम, एलकेजी कक्षा के लिए क्लोन रेस उमर प्रथम, शेप रेस राजा प्रथम, यूकेजी के लिए बैलेंसिंग बॉल रेस, श्रेयांश मूसा प्रथम कक्षा प्रथम के लिए अंब्रेला रेस, नित्यम प्रथम ऑब्सटेकल रेस, मनजीत प्रथम बिट्स ऑफ पेपर अक्की प्रथम, कक्षा द्वितीय के लिए गार्डन डेकोरेट आदित्य पवार, प्रथम ऑपोजिट रेस वेदांश, सांची प्रथम कक्षा तृतीय के लिए स्नेक रेस दिव्यांश, हार्दिक, विवान, कार्तिक पाल प्रथम कलेक्ट योर प्लेट्स रेस नक्श, सिद्धार्थ, कुशल प्रथम कक्षा चतुर्थ के लिए स्किपिंग रेस परिधि प्रथम बोतल रेस, साक्षी प्रथम, कक्षा पांचवी के लिए हृपबॉल रिले रेस ईशा, अर्थ अली प्रथम, स्पाइडर रेस अविरल, वेदांश, आदित्य, ईशान प्रथम नंबर रेस, तेज प्रताप प्रथम प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने योगा, डंबल, लेजियम व लाठी चलाने की कला आदि का भी प्रदर्शन किया गया, साथ ही अभिभावकों के लिए भी कई मनोरंजनात्मक दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें अभिभावकों का अच्छा प्रदर्शन रहा। इस अवसर पर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पदक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सत्र के सर्वश्रेष्ठ सदन का पुरस्कार पटेल सदन को प्राप्त हुआ। प्रधानाचार्या डॉक्टर गरिमा वर्मा ने सभी बच्चों की प्रशंसा की तथा भविष्य में भी अच्छी खेल भावना के साथ उत्कृष्ट खेल खेलने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को अनुशासित रहते हुए अपने खेल को खेलना चाहिए एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है।

बांग्लादेश ने सीमा पर दवाओं की तस्करी का लगाया झूठा आरोप

ढाका, 29 जनवरी (एजेंसी)। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) मोहम्मद जहांगीर आलम चौधरी ने बुधवार को कहा कि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के कार्यकाल के दौरान भारत के साथ किए गए सभी 'असमान समझौतों' पर चर्चा की जाएगी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आगामी भारत-बांग्लादेश सीमा सुरक्षा सम्मेलन पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते समय चौधरी ने सीमावर्ती इलाकों में भारत के नागरिकों पर मादक पदार्थ बनाने और उन्हें बांग्लादेश में तस्करी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, वे फेंसिडिल बनाते हैं और इसे बांग्लादेश में तस्करी करते हैं। हालांकि वे इसे दवा बताते हैं, लेकिन वास्तव में यह मादक पदार्थ है। चौधरी ने कहा कि सीमा से 150 गज के भीतर किसी भी गतिविधि के लिए दोनों देशों की आपसी स्वीकृति आवश्यक होती है और किसी भी पक्ष के लिए एकतरफा कार्रवाई की कोई गुंजाइश नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि किसी विकास परियोजना के तहत मस्जिद या मंदिर का निर्माण किया जाना हो, तो दोनों देशों की सहमति अनिवार्य होगी। भविष्य में इस सहमति को सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। बांग्लादेशी सलाहकार ने कहा कि सीमा पर निहत्थे बांग्लादेशी नागरिकों पर कथित गोलीबारी पर भी सम्मेलन में चर्चा की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा, बीएसएफ या भारतीय नागरिकों द्वारा बांग्लादेशी नागरिकों को कथित रूप से अगवा करने या हिरासत में लेने के मामलों पर बैठक में चर्चा की जाएगी।

अंतरिक्ष में फंसी सुनीता और बुच की वापसी को ट्रंप ने मस्क से मांगी मदद

वाशिंगटन, 29 जनवरी (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एलन मस्क से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर फंसे दो अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की जल्दी वापसी को लेकर मदद मांगी है। मस्क ने मंगलवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उनसे सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को जल्दी वापस लाने के लिए कहा है। एलन मस्क ने एक सोशल मीडिया में कहा कि भयानक है कि राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने इन दोनों को इतने लंबे समय तक अंतरिक्ष स्टेशन पर छोड़ा हुआ था, जबकि नासा ने पहले ही महीनों पहले स्पेसएक्स से इन्हें वापस लाने के लिए कहा था। साथ ही मस्क ने कहा कि वे दोनों को जल्द से जल्द घर वापस लाएंगे। मस्क ने कहा कि नासा ने हमेशा यह कहा है कि दोनों अंतरिक्ष यात्री फंसे नहीं हैं और वे स्वस्थ और अच्छे मूड में हैं। सुनीता और बुच को 2024 में बोइंग के स्टारलाइनर यान से अंतरिक्ष स्टेशन के लिए भेजा गया था।

महापंचायत रद्द होने के बावजूद प्रणव चैंपियन के समर्थन में रंगमहल पहुंची भारी भीड़, हंगामा

रुड़की, 29 जनवरी (एजेंसी)। पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन और विधायक उमेश शर्मा के साथ विवाद का मामला अब तूल पकड़ रहा है। इस मामले में पूर्व विधायक चैंपियन को जेल होने के बाद महापंचायत बुलाई गई थी, जिसे स्थगित कर दिया गया था। लेकिन आज इसके बाद भी हजारों की संख्या में लोग लंढौरा रंगमहल पहुंच गए और जमकर हंगामा काटा। पुलिस प्रशासन ने रंगमहल का गेट बंद कर दिया था। पुलिस के साथ नोकझोंक हुई। काफी जद्दोजहद के बाद 10 मिनट के लिए गेट खोले जाने की मांग पुलिस ने मान ली। जिसके बाद विभिन्न प्रदेशों और जिलों से आए समाज के नेताओं ने प्रशासन से विधायक उमेश के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। इसके बाद लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से वापस लौटने का आह्वान किया।

बता दें कि पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह को जेल भेजे जाने और विधायक उमेश कुमार को बेल मिलने को लेकर गुर्जर समाज की ओर से लक्सर में महापंचायत का ऐलान किया गया था। लेकिन एक दिन पहले रानी देवयानी ने चैंपियन के द्वारा पत्र लिखकर महापंचायत को टालने के अनुरोध को सुनाया। जिसके बाद महापंचायत स्थगित कर दी गई थी। लेकिन बुधवार को दिल्ली, यूपी आदि प्रदेशों से बड़ी संख्या में समाज के लोग लंढौरा पहुंच गए। पुलिस ने मुख्य मार्ग पर अंदर जाने वाले रास्ते पर बैरीकेडिंग लगा रखी थी, लेकिन काफी संख्या में लोग इधर-उधर गली में होते हुए रंगमहल के गेट पर पहुंच गए। यहां पुलिस ने गेट बंद कर दिया। भीड़ बढ़ने के बाद लोग हंगामा करने लगे। पुलिस गेट नहीं खोलने पर अड़ी रही। जिसके बाद लोगों ने कुछ देर के लिए गेट खोलने और अपनी बात रखकर वापस लौटने की बात कही। जिस पर पुलिस ने गेट खोल दिए। इस दौरान वीर गुर्जर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र गुर्जर एवं अन्य नेताओं ने लोगों को संबोधित किया। समाज के नेताओं ने विधायक उमेश कुमार के खिलाफ जमकर रोष जताया। कहा कि विधायक उमेश कुमार के कैंप कार्यालय पर फायरिंग के आरोप में कुंवर प्रणव सिंह को न्यायालय ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में रखा है। वहीं, विधायक उमेश कुमार ने रंगमहल के गेट पर पहुंचकर जो कुछ किया, उसके बाद भी उन्हें बेल मिल चुकी है। इस दौरान चैंपियन की गिरफ्तारी के विरोध में गुर्जर समाज के लोगों ने नाराजगी जताई और एक पक्षीय कार्रवाई करने का आरोप लगाया। साथ ही विधायक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई न होने पर बड़े आंदोलन की बात कही। इस मौके पर एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल, सीओ मंगलौर विवेक कुमार, मंगलौर कोतवाली प्रभारी शांति कुमार गंगवार आदि मौजूद रहे।

सऊदी अरब में भीषण सड़क हादसा, नौ भारतीयों की हुई मौत

जेद्दा, 29 जनवरी (एजेंसी)। सऊदी अरब में भीषण सड़क हादसे में नौ भारतीयों की मौत हो गई है। जेद्दा में भारतीय मिशन ने इस बारे में जानकारी दी है। मिशन ने बताया कि यह हादसा पश्चिमी सऊदी अरब में जीजान के पास हुआ। मिशन ने बताया कि वह हादसे में मृत हुए लोगों के परिवारों के संपर्क में है। इसके अलावा, वह सऊदी के अधिकारियों के संपर्क में हैं और वे अपना समर्थन दे रहे हैं। भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक्स पोस्ट में कहा कि हम सऊदी अरब साम्राज्य के पश्चिमी क्षेत्र में जिजान के पास एक सड़क दुर्घटना में 9 भारतीय नागरिकों की दुखद मौत पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं। पीड़ित परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदना है। जेद्दा में भारत का महावाणिज्य दूतावास पूर्ण सहायता प्रदान कर रहा है और अधिकारियों और परिवारों के संपर्क में है। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना करते हैं।' उन्होंने यह भी बताया कि एक हेल्पलाइन स्थापित की गई है, जहां हादसे को लेकर मृतकों और घायलों के परिजन संपर्क कर सकते हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी इस हादसे पर दुख जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि वह दुर्घटना और लोगों की मौत के बारे में जानकर 'दुखी' हैं। एक्स पर एक पोस्ट में विदेश मंत्री ने कहा कि जेद्दा में हमारे महावाणिज्यदूत से बात हुई, जो संबंधित परिवारों के संपर्क में हैं।

मौहल्ला सीतावंशी में एक दिवसीय स्वच्छता शिविर का हुआ शुभारम्भ

चरथावल, 29 जनवरी (बु.)। महाराज अग्रसैन कन्या पीजी महाविद्यालय चरथावल में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत प्रथम एक दिवसीय शिविर का शुभारम्भ हर्षोल्लास के साथ किया गया। शिविर में सभी स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया। स्वयंसेविकाओं ने कार्यक्रम अधिकारी सरिता जी के नेतृत्व में चरथावल कस्बे के मौहल्ला सीतावंशी में सफाई अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर स्वयंसेविकाओं ने गलियों, सड़कों व नालियों की सफाई कर लोगों को स्वच्छता प्रति जागरूक किया। स्वयंसेविकाओं ने घर-घर जाकर लोगों को समाया कि हमें अपने आपको, परिवार व समाज को स्वस्थ रखना है तो सबसे पहले अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना होगा। हमें खाना बनाने व खाने से पहले अपने हाथों को अच्छी प्रकार से धोना चाहिए। नालियों व सड़कों पर कूड़ा नहीं फेंकना चाहिए। कूड़ेदान का उपयोग करना चाहिए। प्लॉस्टिक व पॉलिथीन का उपयोग नहीं करना चाहिए। पानी व भोजन को अच्छी प्रकार से ढ़ककर रखना चाहिए, तभी हम एक स्वस्थ व सुदृढ़ समाज का निर्माण कर सकेंगे। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनीता चौधरी ने स्वयंसेविकाओं द्वारा किये गये कार्यों की सराहना की। आपने स्वयंसेविकाओं को जन जागरण हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. सारिका शर्मा, पारूल त्यागी, रीता, दीपक त्यागी, अमित सिंघल, बबलू कुमार सोनू व जगवती आदि उपस्थित रहे।

मुंबई जा रही फ्लाइट ने अनजाने में भेजा हाईजैक होने का इशारा

मुंबई, 29 जनवरी (एजेंसी)। राजधानी दिल्ली से मुंबई जाने वाले एयर इंडिया के विमान द्वारा हाइजैक का सिग्नल भेजने का मामला सामने आया है। इसको लेकर हड़कम्प मच गया। घटना से जुड़े सूत्रों ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये मामला 27 जनवरी का है। उस दिन एयर इंडिया के विमान ने दिल्ली से उड़ान भरने के तुरंत बाद अनजाने में 'हाइजैक' का संकेत भेजा। जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां सकते में आ गई और घटना की जांच शुरू कर दी गई। हालांकि इस मामले में एयर इंडिया की ओर से कोई टिप्पणी नहीं आई है। सूत्रों ने बताया कि हाईजैक का अलर्ट भेजने के बाद आनन-फानन में सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किए गए। इसके बाद जब विमान मुंबई हवाई अड्डे पर पहुंचा तो यात्रियों को सुरक्षित उतारकर विमान को आइसोलेशन बे में ले जाया गया। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली से मुंबई जा रहे विमान एआई 2957 ने स्क्वॉक कोड '7500' का सिग्नल भेजा। इस कोड का इस्तेमाल हाईजैक के बारे में अलर्ट करने के लिए किया जाता है। उन्होंने बताया कि स्क्वॉक कोड को लगभग तीन मिनट तक दबाया गया। कोड जारी होने के बाद पायलट इन कमांड (पीआईसी) ने संबंधित एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) को सूचित किया कि कोड अनजाने में दब गया है। सूत्रों ने कहा कि चूंकि यह एक आपातकालीन कोड है, ऐसे में प्रासंगिक सुरक्षा प्रोटोकॉल शुरू किए गए थे। एयरलाइन के सूत्रों ने कहा कि घटना में चालक दल के किसी सदस्य के शामिल होने का कोई संकेत नहीं है।

दर्जनों शिक्षकों ने किया जिला कोषाधिकारी का घेराव

शिक्षकों को बेवजह परेशान किए जाने के लगाए आरोप, जताया आक्रोश

मुजफ्फरनगर, 29 जनवरी (बु.)। भाकियू शिक्षक प्रकोष्ठ की जिला इकाई ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर कोषाधिकारी श्रुति गुप्ता का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया। अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों ने बताया कि वर्ष 2018-19 का शॉर्ट टैक्स बकाया दिखाकर जो उनके वेतन से कटौती के आदेश दिए गए हैं, वे न्याय संगत नहीं हैं। शिक्षकों के विरोध को देखते हुए कोषाधिकारी ने उन्हें आश्वासन दिया कि शॉर्ट टैक्स की वसूली जनवरी के वेतन से न होकर फरवरी वेतन से होगी। शिक्षकों ने वसूली के आदेश को वापस न लेने की स्थिति में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

बुधवार को भाकियू शैक्षिक प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र सिंह व जिलाध्यक्ष रामरतन बालियान के नेतृत्व में बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों ने कोषाधिकारी श्रुति गुप्ता का घेराव किया। शिक्षकों को बिना वजह परेशान किए जाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व वर्षों के जो कागजात मांगे जा रहे हैं वे सब आयकर विभाग के पास पहले से मौजूद हैं। अब दोबारा फिर से कागज दिए जाने का कोई औचित्य नहीं बैठता। प्रदेशाध्यक्ष ने बताया कि करीब 90 प्रतिशत शिक्षकों पर जिनकी संख्या करीब 3500 से अधिक है, पर टैक्स को बकाया बताकर नोटिस जारी किए है। उन्होंने कहा कि आखिर छह साल बाद इस मामले को फिर से तूल क्यों दिया जा रहा है। यदि शिक्षकों ने टैक्स जमा न कराया होता तो उसी वक्त उन पर कार्यवाही हो जाती। अब विभाग छह साल बाद कागजात मांग रहा है, जबकि कागजात की असली कॉपी विभाग को जमा कर दी जाती है। कोषाधिकारी श्रुति गुप्ता ने शिक्षकों को उनकी समस्या सुनने के बाद आश्वासन दिया कि इस पूरे मामले की जांच करायी जायेगी। उधर, शिक्षकों ने दो टूक कहा कि यदि शिक्षकों से वसूली की गई तो शिक्षक आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। इस दौरान अमित तोमर, विनेश कुमार, रविन्द्र सिंह कोठारी, कुलदीप कुमार, राजेश कटारिया, धर्मेन्द्र मलिक, विवेक बालियान, राजीव कुमार, सुधीर पोरिया, वेद प्रकाश, संजय शर्मा, आशीष कुमार, मेराज, खालिद रिजवी, राजेश कुमार आदि दर्जनों शिक्षक मौजूद रहे।

मंत्री नितेश राणे ने की परीक्षा केंद्रों में बुर्के पर बैन लगाने की मांग

मुंबई, 29 जनवरी (एजेंसी)। महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने शिक्षा मंत्री दादा भूसे को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि 10वीं और 12वीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा केंद्रों में बुर्का पहनकर आने वाली छात्राओं को प्रवेश न दिया जाए, क्योंकि उन्हें चिंता है कि इससे नकल की घटनाएं हो सकती हैं। राणे ने कहा, 'हमारी सरकार तुष्टिकरण की राजनीति को बर्दाश्त नहीं करेगी। जो नियम हिंदू छात्रों पर लागू होते हैं, वहीं नियम मुसलमान छात्रों पर भी लागू होने चाहिए। जो लोग बुर्का या हिजाब पहनना चाहते हैं, वे इसे अपने घरों में पहन सकते हैं। लेकिन परीक्षा केंद्रों पर उन्हें अन्य छात्रों की तरह परीक्षा देनी चाहिए।' शिक्षा मंत्री को लिखे पत्र में राणे ने कहा कि परक्षी केंद्र में बुर्का पहनने से नकल और सुरक्षा संबंधी चिंताएं पैदा हो सकती हैं। उन्होंने कहा, बुर्का पहनने वाली छात्राओं की जांच करने के लिए महिला पुलिस या महिला कर्मचारियों को नियुक्त किया जाना चाहिए। ये परीक्षाएं छात्राओं के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं।

यमुना में जहर-हरियाणा सीएम नायब सैनी ने केजरीवाल के खिलाफ दर्ज कराया केस

चंडीगढ़, 29 जनवरी (एजेंसी)। हरियाणा सरकार ने आम आदमी पार्टी सुप्रीमो व दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ केस दायर करवाया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सोनीपत जिला अदालत की सीजेएम कोर्ट में आपदा प्रबंधन की धारा 2(डी) व 54 के तहत मामला दर्ज करवाया है। हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार ने अरविंद केजरीवाल के यमुना में जहर वाले बयान पर उनके खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। उन्होंने इसे एक गैर-जिम्मेदाराना बयान करार देते हुए कहा कि इससे लोगों में दहशत फैल

1973-2025

सम्पादक की क़लम से

महाकुंभ मौनी अमावस्या स्नान

महाकुंभ में मौनी अमावस्या के स्नान और संतों के अमृत स्नान से पूर्व रात्रि में भगदड़ मचने से वातावरण दुःखद हो गया। बहुत से लोग घायल हुए और हताहत भी हुए। इस दुःखद समाचार से देश भर में दुःख की लहर है। विदेशी मीडिया भी इस दुःखद दुर्घटना पर खेद जता रहा है। संतों के अखाड़ों ने अमृत स्नान कुछ घंटों के लिए टाल दिया। बाद में दोपहर को संतों के अखाड़ों ने अमृत स्नान किया। इस घटना के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने हालात का जायजा लिया और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए किए जा रहे उपायों की जानकारी दी। उन्होंने लोगों से संयम बनाए रखने और अफवाहों से बचने की अपील की। महाकुंभ भगदड़ दुर्घटना पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ की घटना अत्यंत दुखद है। मैं हताहत हुए श्रद्धालुओं के परिवारजनों के प्रति शोक-संवेदना व्यक्त करती हूं और ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि घायल हुए सभी श्रद्धालु शीघ्र ही स्वस्थ हों। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि प्रयागराज महाकुंभ में हुआ हादसा अत्यंत दुखद है, जिन श्रद्धालुओं ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा हुआ है। इस सिलसिले में मैंने मुख्यमन्त्री योगी से बातचीत की है और मैं लगातार राज्य सरकार के संपर्क में हूं। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आज की चुनाव सभा को संबोधित करने से पहले मैं महाकुंभ में जो दुःखद हादसा हुआ है, उसका जिक्र करना चाहता हूँ, उस हादसे में हमें कुछ पुण्यात्माओं को खोना पड़ा है, कई लोगों को चोटें भी आई हैं। मैं प्रभावित परिवारों के प्रति संवदेना व्यक्त करता हूं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मैं उत्तर प्रदेश सरकार के साथ निरंतर संपर्क में हूं। मौनी अमावस्या की वजह से करोड़ों श्रद्धालु आज वहां पहुंचे हुए हैं। कुछ समय के लिए स्नान की प्रक्रिया में रुकावट आई थी, लेकिन अब कई घंटों से सुचारू रूप से यात्री स्नान कर रहे हैं। मैं फिर एक बार उन परिवारजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। इस दुर्घटना पर कई अन्य नेताओं ने भी दुःख जताया है। प्रयागराज महाकुंभ दुर्घटना के बाद महाकुंभ क्षेत्र की हवाई निगरानी की जा रही है। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी हवाई निगरानी कर रहे हैं। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए हवाई सर्वेक्षण किया जा रहा है, ताकि भीड़ वाले मार्ग को चिन्हित कर व्यवस्था बनाई जा सके। विदेशी मीडिया भी कुंभ की कवरेज कर रहा है। अमेरिका के द न्यूयॉर्क टाइम्स से लेकर ब्रिटेन में बीबीसी और गार्डियन तक इस हादसे को लगातार कवर कर रहे हैं। कुंभ के इतिहास में पहले भी भगदड़ की दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। अंग्रेजों के समय 1820 में कुंभ में भगदड़ मचने से 450 लोगों की मौत हो गई थी। स्वतन्त्र भारत के पहले कुंभ में भी भगदड़ मची थी, 3 फरवरी 1954 को मौनी अमावस्या थी। लाखों लोग स्नान के लिए संगम पहुंचे थे। बारिश की वजह से चारों तरफ कीचड़ और फिसलन थी। सुबह करीब 8-9 बजे का समय रहा होगा। मेले में खबर फैली कि प्रधानमन्त्री जवाहर लाल नेहरू आ रहे हैं। उन्हें देखने के लिए भीड़ टूट पड़ी। भगदड़ मच गई, जो एक बार गिरा, वो फिर उठ नहीं सका। जान बचाने के लिए लोग बिजली के खंभों से चढ़कर तारों पर लटक गए। भगदड़ में एक हजार से अधिक लोग मारे गए, तब उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि कोई हादसा नहीं हुआ, लेकिन एक फोटोग्राफर ने चुपके से तस्वीर खींच ली थी। अगले दिन अखबार में वो तस्वीर छप गई। राजनीतिक हंगामा खड़ा हो गया। संसद में तत्कालीन प्रधानमन्त्री जवाहरलाल नेहरू को बयान देना पड़ा था। उस दुर्घटना की आंखों-देखी रिपोर्ट 1989 में मुखर्जी की छायाकृति नाम की हिंदी मैगजीन में छपी थी, जिसमें मुखर्जी लिखते हैं कि प्रधानमन्त्री जवाहर लाल नेहरू और राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद एक ही दिन स्नान के लिए संगम पहुंच गए। ज्यादातर पुलिस और अफसर उनकी व्यवस्था में व्यस्त हो गए। मैं संगम चौकी के पास एक टावर पर खड़ा हुआ था। करीब 10.20 बजे की बात है। स्नान करने वाले घाट पर बैरिकेड लगाकर हजारों लोगों को रोका गया था। आम लोगों के साथ-साथ हजारों नागा साधु, घोड़ा गाड़ी, हाथी, ऊंट सब घंटों इंतजार करते रहे। दोनों तरफ जनसैलाब जम गया था। इसी बीच नेहरू और राजेंद्र प्रसाद की कार त्रिवेणी की तरफ से आई और किला घाट की तरफ निकल गई, जब नेहरू और बाकी लोगों की गाड़ी गुजर गई, तो बिना किसी योजना के भीड़ को छोड़ दिया गया। भीड़ बैरिकेड तोड़कर घाट की तरफ जाने लगी। उसी रोड पर दूसरे छोर से साधुओं का जुलूस निकल रहा था। भीड़ और साधु-संत आमने सामने आ गए। जुलूस बिखर गया। बैरिकेड की ढलान से लोग ऐसे गिरने लगे, जैसे तूफान में खड़ी फसलें गिरती हैं। उस समय सरकार ने कहा कि हादसे में कुछ भिखारी ही मरे हैं। सैकड़ों लोगों के मरने की खबर गलत है। मैंने अधिकारियों को हादसे की तस्वीरें दिखाईं, जिसमें महंगे गहने पहनी महिलाएं भी थीं, जो इस बात की तस्दीक कर रही थीं कि अच्छे बैकग्राउंड वाले भी लोग कुचलकर मरे हैं। स्वतंत्रता के बाद वह पहला कुंभ था, इसलिए सरकार के लिए साख का भी सवाल था। 04 फरवरी 1954 को अमृत बाजार पत्रिका नाम के अखबार में हादसे की खबर छपी। एक तरफ भगदड़ में लोगों के मारे जाने की खबर और दूसरी तरफ राजभवन में राष्ट्रपति के स्वागत में रखी गई पार्टी की तस्वीर अखबार में छपी। उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि ऐसा कुछ हुआ ही नहीं। अखबार में गलत खबर छपी है। पिछले कुंभ अर्थात 2013 में भी भगदड़ मची थी। 10 फरवरी 2013, को प्रयाग में कुंभ लगा था, उस दिन मौनी अमावस्या थी। तीन करोड़ से अधिक लोग संगम में डुबकी लगा चुके थे। शाम साढ़े सात-आठ बजे की बात है। रेलवे स्टेशन पर अचानक लोगों की चीख-पुकार गूंजने लगी। लोग बदहवास होकर इधर-उधर भाग रहे थे। एक-दूसरे पर गिरते-गिराते। बहुत भयावह दृश्य था, जब भगदड़ थमी तो प्लेटफॉर्म पर लाशें बिखरी पड़ी मिलीं। इनमें महिलाएं, पुरुष, जवान और बुजुर्ग सब शामिल थे। कुल 36 लोग मारे गए, तब इलाज नहीं मिलने से भी लोग तड़प-तड़प कर मर गए थे।

चार मोती

सुनील उत्सव

"शायरी" "सिफारिश" "गायकी" "अदाकारी"

कुछ सिफारिश चाहिए और कुछ कहीं चमचागिरी,
शायरी अब शायरी के दम पे चलती है कहाँ।
गायकी का दौर है अब है अदाकारी का दौर,
शायरी अब शायरी के दम पे चलती है कहाँ।

अंतिम यात्रा

सुनुह भरत भावी प्रबल, बिलखि कहेउ मुनिनाथ। हानि लाभु जीवनु मरनु जसु अपजसु बिधि हाथ।।

बडे दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि ब्रिजेश कुमार जी के पुत्र
विकास कुमार जी का निधन आज दिनांक 29/01/2025
दिन- बुधवार शाम को हो गया है।

उनकी अन्तिम यात्रा आज बृहस्पतिवार, 30 जनवरी 2025 को प्रातः 10.30 बजे हमारे निवास गली नं. 6, मित्तल सेनेटरी वाली गली, गाँधी नगर से श्मशान घाट विश्वकर्मा चौक राजवाहा रोड के लिए प्रस्थान करेगी।

-: शोकाकुल परिवार :-
ब्रिजेश कुमार
M.9639097775, 7452025303

यह मोदी की गारंटी है कि आपदा की लूट और झूठ नहीं चलेगा

- महाकुंभ में मौनी अमावस्या स्नान पर भगदड़ पर पीएम ने जताया गहरा दुख

नई दिल्ली, 29 जनवरी (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के घोंडा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए महाकुंभ हादसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि आज की चुनावी रैली को संबोधित करने से पहले मैं महाकुंभ में हुई दर्दनाक दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। कई लोग घायल हुए हैं। मैं लगातार उत्तर प्रदेश सरकार के संपर्क में हूं। कुछ समय के लिए पवित्र स्नान की प्रक्रिया बाधित हुई थी, लेकिन अब कुछ घंटों से यह सुचारू रूप से चल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि 8 फरवरी के बाद दिल्ली में बनने वाली भाजपा सरकार अपने सभी वादों को समयबद्ध तरीके से पूरा करेगी। यह मोदी की गारंटी है। दिल्ली कह रही है कि अब आपदा की लूट और झूठ नहीं चलेगा। यहां के लोग भाजपा की ऐसी डबल इंजन वाली सरकार चाहते हैं जो गरीबों के लिए घर बनाए, दिल्ली को आधुनिक बनाए, हर घर में नल का जल पहुंचाए और टैंकर माफिया से मुक्ति दिलाए। अरविंद केजरीवाल के जहरीले पानी वाले बयान पर पीएम मोदी ने कहा, दिल्ली के एक पूर्व सीएम ने हरियाणा के लोगों पर घिनौने आरोप लगाए हैं। हार के डर से आपदा वाले घबरा गए हैं। क्या हरियाणा के लोग दिल्ली के लोगों से अलग हैं? क्या हरियाणा में रहने वालों के रिश्तेदार दिल्ली में नहीं रहते? क्या हरियाणा के लोग अपने ही लोगों के पीने के पानी में जहर मिला सकते हैं? हरियाणा द्वारा भेजा गया पानी दिल्ली में रहने वाला हर व्यक्ति पीता है, जिसमें यह प्रधानमंत्री भी शामिल हैं।

गायत्री परिवार ट्रस्ट का नौ कुडीय महायज्ञ का आयोजन

मुजफ्फरनगर, 29 जनवरी (बु.)। अखिल भारतीय गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्ग दर्शन में नौ कुंडीय गायत्री महा यज्ञ का आयोजन श्री रामलीला भवन पटेल नगर नई मंडी में मौनी अमावस्या पर उत्साह व उमंग के साथ संपन्न हुआ। प्रातः 10 बजे दीप प्रज्ज्वलन के साथ प्रारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप एवं एसडी पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर चंचल सक्सैना के अलावा प्रधानाचार्या कंचन प्रभा शुक्ला, गीता एवं वीके अग्रवाल ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। गायत्री परिवार ट्रस्ट की ओर से आयोजित नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम में शांतिकुंज हरिद्वार टोली ने गायत्री महायज्ञ की महिमा की सरल व्याख्या के साथ तीन पारियों में कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

पूर्णाहुति के बाद उपस्थित नवीन परिजनों को गायत्री की दीक्षा पूर्ण आस्था के साथ ग्रहण की। उन्होंने बताया कि वास्तव में गायत्री साक्षात पारस, कामधेनु और कल्पवृक्ष भी है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रेमलता, एनएस त्यागी, सुरेन्द्र धीमान, भारत भूषण अरोरा, अनिल ऐरन और उनकी टीम का पूर्ण सहयोग रहा। पटेल नगर में आयोजित कार्यक्रम में शांतिकुंज से पधारी टोली में पवन कुमार, शिबु मंडवी, लविश सिडाना आदि का विशेष सहयोग रहा।

मौनी अमावस्या पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई डुबकी

भोपा, 29 जनवरी (बु.)। तीर्थनगरी शुकतीर्थ में मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर दूर-दराज क्षेत्रों से आए अनेक श्रद्धालुओं ने पतित पावनी गंगाजी में डुबकी लगाई तथा विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया। तीर्थनगरी के गंगा घाट पर स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने गणेश धाम, शिव धाम, दुर्गा धाम, गंगा मंदिर, शुकदेव मंदिर, हनुमद्धाम, पांडवकालीन पार्वती मंदिर, अखंड धाम, नव ग्रह शनि धाम आदि में पूजा-अर्चना की। श्री शुकदेव आश्रम स्थित प्राचीन अक्षय वट वृक्ष की परिक्रमा कर धागा बांधकर अपने परिवार की खुशहाली के लिए मनौती मांगने वाले श्रद्धालुओं की दिन भीड़ लगी रही। प्राचीन दंडी आश्रम, श्री महेश्वर आश्रम, महाशक्ति सिद्धपीठ, रामानुज कोटि आश्रम, मां पूर्णागिरि सिद्धपीठ आश्रम, मां पीतांबरा धाम, साकेत धाम, गीता धाम, उदासीन निर्वाण आश्रम, खिचड़ी वाले बाबा का आश्रम आदि में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने शिक्षा ऋषि ब्रह्मलीन स्वामी कल्याणदेव जी महाराज की समाधि एवं कारगिल शहीद स्मारक पर भी पुष्प अर्पित कर उन्हें शत्-शत् नमन किया।

हरिद्वार: मौनी अमावस्या पर हर की पौड़ी पर उमड़ी भीड़

हरिद्वार, 29 जनवरी (एजेंसी)। धर्मनगरी हरिद्वार में मौनी अमावस्या स्नान के लिए गंगा घाटों पर सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर आस्था की डुबकी लगाई और दान-पुण्य कर सुख समृद्धि की कामना की। शास्त्रों के मुताबिक मौनी अमावस्या के दिन गंगा स्नान और दान का विशेष महत्व है। मौनी अमावस्या पर पितरों का तर्पण करने से उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है। मान्यता है कि मौनी अमावस्या पर मौन रहकर मां गंगा में स्नान करने और दान करने से कष्ट दूर होते हैं और सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इस दिन गंगा स्नान से पुण्य और मोक्ष की प्राप्ति होती है।मौनी अमावस्या पर गंगा स्नान करने के लिए देर रात्रि से ही श्रद्धालुओं का हरिद्वार पहुंचना शुरू हो गया था।वहीं गंगा स्नान के लिए गंगा घाटों पर सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। ज्योतिषाचार्य पंडित मनोज त्रिपाठी का कहना है कि माघ मास के कृष्ण पक्ष में पढ़ने वाली अमावस्या को मौनी अमावस्या कहते हैं। विशेष बात यह है कि प्रयागराज में कुंभ के दौरान पड़ने वाली इस अमावस्या में विशेष योग बन रहा है। इस योग मे स्नान करके जप, तप, दान आदि करें तो वह कई गुना हो जाता है। मौनी अमावस्या पर मौन रहकर स्नान करने के पश्चात अपने ब्राह्मण को या किसी पुरोहित को तिल मिश्रित मिठाई, कंबल, ऊनी वस्त्र,चावल आदि का दान करें।जो व्यक्ति आज अपने पितरों के निमित्त तर्पण पिंडदान करता है वो अपने पितरों को मोक्ष दे देता है, पितृ दोष से मुक्त हो जाता है और उसके पितृ उसको सात पीढ़ियों तक पुत्र पौत्र आदि का आशीर्वाद देकर भगवान नारायण में समाहित हो जाते हैं। माघ मास की मौनी अमावस्या के दिन गंगा स्नान को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है। हरकी पौड़ी और अन्य गंगा तटों पर लोग आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। वहीं पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हुए हैं।

गणतंत्र दिवस परेड में अव्वल नम्बर रही गुजरात की प्रदर्शनी, उप्र दूसरे और उत्तराखंड तीसरे स्थान पर रहा

नई दिल्ली, 29 जनवरी (एजेंसी)। गणतंत्र दिवस की परेड में उत्तराखंड की झांकी तीसरे स्थान पर रही। यह झांकी 'सांस्कृतिक धरोहर और साहसिक खेल' पर आधारित थी। उत्तराखंड की झांकी को यह स्थान लोगों के वोटों के आधार पर मिला है। वहीं, गुजरात की 'स्वर्णिम भारतः विकास और विरासत' पर आधारित झांकी ने पहला स्थान हासिल किया। उत्तर प्रदेश की झांकी 'महाकुंभ 2025: स्वर्णिम भारत विकास और विरासत'ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। उत्तराखंड की झांकी के दूसरे भाग में राज्य की प्रसिद्ध ऐपण कला को बनाते हुए एक पारंपरिक वेशभूषा में महिला को दिखाया गया था। यह ऐपण कला आज विश्वभर में प्रसिद्ध है। ऐपण कला उत्तराखंड की सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व को दशार्ती है। इस कला को उत्तराखंडी महिलाएं पूजा कक्षों, घरों के प्रवेशद्वारों, फर्श और दीवारों पर बनाती हैं। इसे बनाने के लिए चावल का आटा व गेरू का उपयोग किया जाता है। कर्तव्य पथ पर उत्तर प्रदेश की महाकुंभ वाली झांकी ने सबका मन मोह लिया था। झांकी में समुद्र मंथन और कलश से निकलते अमृत को दिखाया गया। देवता और राक्षसों में मंथन को दिखाया गया।

साथ ही ऋषि-मुनियों की मूर्तियां भी झांकी में देखने को मिली। परेड में 16 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की झाकियां निकाली गईं, जबकि विभिन्न विभागों और मंत्रालयों को भी झांकियों में स्थान मिला था। गुजरात की झांकी में 12वीं सदी के वडनगर यानी आनर्तपुर के सोलंकी कालीन कीर्ति तोरण से लेकर 21वीं सदी का अजूबा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ रक्षा, टेक्नोलॉजी, ऑटोमोबाइल और मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में राज्य की आत्मनिर्भरता को प्रदर्शित करती विभिन्न विकास परियोजनाओं का प्रभावशाली निदर्शन किया गया था।

जीएसटी के सातों खंडों के अधिकारी व व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की गोष्ठी सम्पन्न

मुजफ्फरनगर, 29 जनवरी (बुस.)। बुधवार को संयुक्त कमिश्नर जीएसटी कार्यपालक मुजफ्फरनगर द्वारा सिटी सेंटर के जीएसटी हॉल में जीएसटी के सभी सातों खण्डों के अधिकारी एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारी की एक गोष्ठी आयोजित की गई। इस बैठक में संयुक्त कमिश्नर जीएसटी मैडम ने बताया कि शासन द्वारा सन 2017-18 से 2019-20 तक के जो केसेस जीएसटी के पेंडिंग हैं, उन पर एक समाधान योजना दी गई है, जिसमें आरोपित कर जमा करने पर पेनल्टी तथा ब्याज छोड़ दिया जाएगा। आरोपित कर जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 नियत की गई है। संयुक्त कमिश्नर ने यह भी बताया कि जो व्यापारी निर्धारित से अधिक सेल कर रहे हैं, उन्हें अपना रजिस्ट्रेशन जीएसटी में अवश्य ही कर लेना चाहिए। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अजय कुमार सिंघल ने कहा कि छोटी-मोटी गलतियों पर व्यापारियों का उत्पीड़न न किया जाए, व्यापारी सरकार के लिए ही राजस्व एकत्र करता है, जिसके लिए कोई वेतन, कमीशन अथवा पेंशन उसे नहीं मिलती है तथा अपने परिवार तथा अपने कर्मचारियों के परिवार का भरण पोषण करता है। आज काफी मात्रा में व्यापारी फेल हो गए हैं, जो हॉलसेलर्स या मिलों का पेमेंट नहीं दे पा रहे हैं। व्यापारियों ने यह भी बात रखी कि कुछ व्यापारियों का पैसा अपने ग्राहकों पर मर रहा है, उसको निकलवाने के लिए भी जीएसटी विभाग को कदम उठाने चाहिए। जीएसटी का सरलीकरण होना चाहिए। अधिकारियों को व्यापारियों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में वार्ता करनी चाहिए। बैठक में संयुक्त कमिश्नर व्यापार कर तथा सभी करों के अधिकारी एवं व्यापार मंडल से राकेश गर्ग, अजय कुमार सिंघल, सुलक्खन सिंह नामधारी, कुलदीप मित्तल, सुनील अरोड़ा, शलभ गुप्ता, राकेश त्यागी, अजय कुमार सिंघल, कृष्ण गोपाल मित्तल, जनार्दन आदि शामिल रहे।

एम.जी. पब्लिक स्कूल के खेल दिवस में चमके नन्हें एथलीट

मुजफ्फरनगर, 29 जनवरी (बुस.)। आज एम.जी. पब्लिक के प्राइमरी विंग में खेल दिवस का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न रोमांचकारी और चुनौतीपूर्ण दौड़ का आयोजन करते हुए खेल के मैदान पर नन्हें एथलीटों की प्रतिभा को परखने का कार्य किया गया। खेल दिवस पर हुई दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभागी नन्हें एथलीट ने अपनी क्षमता और प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन करते हुए सभी को प्रभावित किया। प्रधानाचार्या द्वारा विजयश्री हासिल करने वाले बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। एम.जी. पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि बुधवार के दिन विद्यालय के प्राइमरी विंग में खेल दिवस का आयोजन किया गया। इसमें नर्सरी से कक्षा-2 में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को भागीदारी करने का अवसर प्रदान किया गया। इन नन्हें बच्चों ने एक परिपक्व एथलीट की भांति खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभागिता का सुन्दर और प्रभावशाली प्रदर्शन कर सभी को अचंभित कर दिया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की दौड़ प्रतियोगिता कराई गई, जिनमें मुख्य रूप से अम्ब्रेला रेस, बुक और बॉल बेलैंसिंग रेस, इंटिंग बनाना रेस, डक रेस, हार्स राइडिंग रेस सहित अन्य रोमांचकारी रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लेकर अपनी प्रतिभाओं का परिचय दिया। बच्चों द्वारा खेल के मैदान पर अनुशासित रहते हुए टीम भावना का जो प्रदर्शन किया गया, उसने सभी टीचर्स को भी प्रभावित किया। नन्हें एथलीट के रूप में खुद को खेल के मैदान पर साबित करने वाले ये बच्चे खूब चमके और इस खेल उत्सव का भरपूर आनंद उठाया। प्रधानाचार्या ने विभिन्न दौड़ प्रतियोगिता में विजयश्री हासिल कर उत्कृष्ट स्थान हासिल करने वाले विजेता बच्चों को पुरस्कार और मेडल प्रदान करते हुए सम्मानित करने के साथ ही उनको और भी बेहतर परिणाम के लिए प्रोत्साहित भी किया। उन्होंने कहा कि कक्षा आधारित शिक्षा के साथ ही खेलों में प्रतिभागिता भी बच्चों के मानसिक विकास के लिए सहायक है, तो वहीं बच्चों की प्रतिभा को निखारने में भी ऐसे आयोजन काफी मददगार साबित होते हैं। उन्होंने बच्चों के प्रतिभा प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए इसके लिए बच्चों को तैयार करने में शिक्षिकाओं के परिश्रम को भी सराहनीय बताया और सभी स्टाफ को खेल दिवस के सफल आयोजन के लिए बधाई दी और आभार जताया।

चिल्ड्रन एकेडमी ने बच्चों को कराया गौशाला भ्रमण

मुजफ्फरनगर, 29 जनवरी (बुस.)। मंगलवार को मुजफ्फरनगर के चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों को गौशाला भ्रमण पर लेके जाया गया। विद्यालय की उप प्रधानाचार्या सन्या निगम ने बच्चों को गौमाता के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि गाय मौजूदा परिवेश में धर्म, इतिहास, संस्कृति और राजनीति से जुड़ी हुई है। हिंदू पौराणिक कथाओं में इस जानवर को दयालुता, भौतिकवाद, पवित्रता, धन, प्रतिष्ठा और शक्ति के गुण दिए गए हैं। नतीजतन, गाय को "गौमाता" के रूप में जाना जाता है और उसे इसी तरह सम्मानित, देवता माना और पूजा जाता है। गाय पालन के लिए प्रयुक्त घर गौशाला कहलाता है। हिन्दू धर्म में गाय की हर तरह से सेवा एवं रक्षा करना पुण्य कर्म माना जाता है। भारत में बहुत गौशालाएं हैं, इन्हें संचालित करने के लिए सरकार भी धन देती हैं तथा गऊ प्रेमी भी दान करते हैं। कुछ धनी व्यक्ति भी गौशाला चलाते हैं और बताया अन्य जानवरों से भी हमें कैसे व्यवहार करना चाहिए। हमें जानवरों के साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए, क्योंकि वे भी भगवान का बनाया हुआ रूप है। जानवरों के प्रति हमारी संवेदनशीलता और दयालुता दिखाने से उनका संरक्षण होता है। बच्चों ने वहां जाकर देखा कि गौमाता का चारे में क्या क्या मिलाया जाता है और स्वयं अपने हाथों से चारा खिलाया। कुछ बच्चे अपने घर से रोटी लेकर गए और बच्चों और विद्यालय की ओर से गौशाला के लिए दान भी किया।

अपहरण के मामले में आरोपी सुबूत के अभाव में हुए बरी

मुजफ्फरनगर, 29 जनवरी (बु.)। दो बहनों के अपहरण व एक के साथ दुराचार के मामले में आरोपी को सुबूत के अभाव में कोर्ट ने बरी कर दिया गया है। मामले की सुनवाई पोक्सो कोर्ट में हुई थी। अभियोजन की तरफ जानकारी देते हुए बताया कि 20 जनवरी 2018 को शामली जनपद के कैराना की दो बहनों का बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया गया था। इस मामले में कैराना निवासी जावेद के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराई गयी थी। आरोप था कि आरोपी ने एक पीड़ित के साथ अपहरण के बाद जबदस्ती दुष्कर्म भी किया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। मामले की सुनवाई विशेष पोक्सो एक्ट कोर्ट की न्यायाधीश अलका भारती की कोर्ट में हुई। अभियोजन ने बताया कि पीड़िता ने दुष्कर्म की बात से कोर्ट में इंकार कर दिया था। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात आरोपी को सुबूत के अभाव में बरी कर दिया है।

उत्तर प्रदेश मा. प्राप्त वि. महासंघ की बैठक का हुआ आयोजन

- छात्रों की अपार आईडी बनाने के संबंध में की गयी चर्चा

जानसठ, 29 जनवरी (बु.)। उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय महासंघ की एक बैठक का आयोजन स्वामी कल्याण देव कन्या इंटर कॉलेज जानसठ में की गई। बुधवार को स्वामी कल्याण देव कन्या इंटर कॉलेज जानसठ में उत्तर प्रदेश मान्यता विद्यालय महासंघ की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों की अपार आईडी बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक का आयोजन अध्यक्ष ठाकुर प्रदीप राणा के नेतृत्व में किया गया, तो वहीं संचालन सचिव संजय सिंह के द्वारा किया गया। इस दौरान सचिव संजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अपार आईडी बनाने में बहुत समस्याओं का सामना अध्यापकों को करना पड़ रहा है। इन समस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई और अध्यापकों को समझाया गया और बताया कि अगर कोई समस्या है तो वह बीआरसी कार्यालय जानसठ पर जाकर संपर्क करें या अगर छात्र या छात्राओं के नाम में यूडाइस पोर्टल पर कोई गलती है, तो एसओ-3 फॉर्म भरकर और जरूरी डॉक्यूमेंट लगा कर बीआरसी कार्यालय से संपर्क करे, क्योंकि अपार आईडी हर हाल में बनानी है और यह भी बताया कि कुछ विद्यालयों को यूडाइज अभी तक नहीं दिया गया, उन पर भी चर्चा की गयी और सभी को निर्देश देते हुए कहा कि जितनी जल्दी हो सके अपार आईडी को पूर्ण किया जाए और फिर भी यदि समस्याएं इसमें आ रही हैं, तो इसको लेकर बहुत जल्द खंड शिक्षा अधिकारी से वार्ता की जाएगी। अपार आईडी में आने वाली समस्याओं के बारे में उनको अवगत कराया जाएगा, ताकि समस्याओ का समाधान हो सके। इस दौरान मुख्य रूप से अध्यक्ष ठाकुर प्रदीप राणा, सचिव संजय सिंह, मास्टर साजिद चौधरी, अरविंद कुमार, गगनदीप उपाध्याय, अभिषेक कुमार, इरशाद राव, संदीप कुमार, सतीश कुमार, सतीश चंद, कैलास कुमार, मौ. आबिद, कुलदीप कुमार, महेश कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे।

शोक सभा

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे अनुज
कैलाश चंद्र एडवोकेट सुपुत्र स्व0 श्री काशीराम
(पूर्व अध्यक्ष बार संघ खतौली, पूर्व अध्यक्ष बार संघ जानसठ)
दिनांक 27/01/2025, दिन-सोमवार को अपनी सांसारिक यात्रा पूरी करके प्रभु चरणों में विलीन हो गये हैं।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

शोक सभा आज दिनांक 30 जनवरी 2025
दिन- बृहस्पतिवार, दोपहर 02:00 बजे
स्थानः- साधु भवन, जैन मंदिर, निकट 52, प्रेमपुरी (निज निवास) मुजफ्फरनगर पर होनी निश्चित हुई है।

-: शोकाकुल परिवार :-
जय प्रकाश 'आजाद' (भाई)
दीपक (पुत्र)
52, प्रेमपुरी परिवार, मुजफ्फरनगर
M. 9358408255, 9119721234

मौनी अमावस्या पर हेमा मालिनी से लेकर बाबा रामदेव तक कई प्रमुख लोगों ने महाकुंभ में लगाई आस्था की डुबकी

प्रयागराज, 29 जनवरी (एजेंसी)। महाकुंभ में बुधवार को मौनी अमावस्या के अवसर पर दूसरा अमृत स्नान हो रहा है। मौनी अमावस्या के अवसर पर विभिन्न अखाड़ों के साधु संतों ने अमृत स्नान किया और त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। साधु संतों के बाद कई बड़ी हस्तियों ने अमृत स्नान किया। मौनी अमावस्या का अमृत स्नान ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4 बजे से शुरू हुआ। दूसरे अमृत स्नान करने के लिए सबसे पहले महानिवार्णी अखाड़े के नागा संन्यासी पहुंचे उसके बाद श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। मौनी अमावस्या के अवसर पर प्रयागराज महाकुंभ में भाजपा सांसद और अभिनेत्री हेमा मालिनी भी स्नान करने पहुंची थी। उन्होंने कहा कि महा स्नान के शुभ अवसर पर मुझे यहां पावन स्नान करने का अवसर मिला। ये मेरा सौभाग्य है। बहुत अच्छा लगा। करोड़ों लोग आए हुए हैं। प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या के अवसर पर हेमा मालिनी के साथ

केजरीवाल पहले यमुना जी का पानी पीकर दिखाओ, फिर मैं अस्पताल में मिलूंगा : राहुल

नई दिल्ली, 29 जनवरी (एजेंसी)। दिल्ली चुनाव प्रचार के तहत कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज बवाना में जनसभा करने पहुंचे। राहुल गांधी के निशाने पर भाजपा के साथ ही आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल थे। राहुल ने दोनों पर हमला करते हुए कहा कि पानी की समस्या है यहां। पीने का पानी नहीं मिलता है। गंदा पानी मिलता है। महंगा पानी खरीदना पड़ता है। मोदी जी ने आरएसएस ने नफरत फैलाने का काम किया है। जहां भी जाते हैं धर्म को धर्म से जाति को जाति से लड़ाते हैं। एक भाषा को दूसरी भाषा से लड़ाते हैं। आपका धन अंबानी-अडानी जैसे अबपतियों को पकड़ा देते हैं। मोदी सरकार ने बीस-पच्चीस अरबपतियों का सोलह लाख करोड़ रुपया कर्ज माफ किया। आप अपने बच्चों को निजी कॉलेज-विविद्यालय में भेजते हो। बीमार होते हो। प्राइवेट अस्पताल भेजते हो। जितना आप जीएसटी देते हो उतना ही अंबानी-अडानी देते हैं। राहुल ने केंद्र की मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि एक शर्ट खरीदो वही शर्ट अडानी खरीदेगा। उतना ही जीएसटी देगा। पहले पब्लिक स्टेकर होता है। गरीब लोगों की जगह होती थी। रोजगार मिलता था। सब बंद हो गया। निजीकरण हो गया। नोटबंदी और जीएसटी के साथ छोटे दुकानदारों और छोटे बिजनेस को बंद कर दिया।

एस.एम.एस. अस्पताल के निमार्णाधीन आयुष्मान आईपीडी टावर में लगी आग

जयपुर, 29 जनवरी (एजेंसी)। सवाई मानसिंह अस्पताल में निमार्णाधीन आयुष्मान आईपीडी टावर में अचानक आग लग गई, जिससे अफरा तफरी का माहौल बन गया। आग लगते ही मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और आग पर काबू पाया गया। सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर दीपक माहेश्वरी का कहना है कि आयुष्मान आईपीडी टावर में निर्माण कार्य चल रहा है। ऐसे में वेल्डिंग करते समय वेल्डिंग की चिंगारी के कारण कचरे में पड़े थमाकोल में आग लग गई। इसके कारण धुआं फैल गया। चौथे फ्लोर पर यह हादसा हुआ है और समय रहते इस पर काबू पा लिया गया है। डॉ. माहेश्वरी ने कहा कि हालांकि, यह आग कचरे में लगी थी, लेकिन सुरक्षा को लेकर हमने संबंधित विभाग को लेटर लिखा है, ताकि भविष्य में इस तरह का हादसा नहीं हो। इस आईपीडी टावर का निर्माण तत्कालीन कांग्रेस सरकार में शुरू हुआ था और जब प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हुआ तब इसका नाम बदलकर आयुष्मान आईपीडी टावर रख दिया गया। प्रदेश के मरीजों को बेहतर इलाज देने के मकसद से इस आईपीडी टावर का निर्माण किया जा रहा है। वर्ष 2022 के अप्रैल में इस टावर की नींव रखी गई थी और अगले 2 साल में इसे तैयार करके शुरू करने की तैयारी थी। डेडलाइन पूरी होने के बाद भी इसे अभी तक शुरू नहीं किया जा सका है, लेकिन अब माना जा रहा है कि वर्ष 2026 में इस आईपीडी टावर को आम जनता के लिए शुरू कर दिया जाएगा। इस आईपीडी टावर में 20 से अधिक मंजिलें होंगी, जहां एयर एंबुलेंस के लिए हेलीपैड की भी सुविधा मिल सकेगी। इसके अलावा इस आईपीडी टावर में अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर, कांटेज, आईसीयू की सुविधा मरीजों को मिल सकेगी।

ओखला से एआईएमआईएम प्रत्याशी शिफा उर रहमान को चुनाव प्रचार के लिए मिली पेरोल

नई दिल्ली, 29 जनवरी (एजेंसी)। कड़कड़डूमा कोर्ट ने दिल्ली दंगों की साजिश रचने के मामले में आरोपी और ओखला से एआईएमआईएम उम्मीदवार शिफा उर रहमान को दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए कस्टडी पेरोल पर रिहा करने की अनुमति दे दी है। एडिशनल सेशंस जज समीर बाजपेयी ने ये आदेश दिया। कड़कड़डूमा कोर्ट ने शिफा उर रहमान को चुनाव प्रचार के लिए 3 फरवरी तक कस्टडी पेरोल पर रिहा करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि एआईएमआईएम उम्मीदवार शिफा उर रहमान पेरोल के दौरान अपने घर पर रह सकते हैं। शिफा उर रहमान की ओर से पेश वकील ने दिल्ली दंगे की साजिश रचने के आरोपी ताहिर हुसैन को सुप्रीम कोर्ट की ओर से मिले कस्टडी पेरोल के आदेश का हवाला देते हुए कस्टडी पेरोल की मांग की। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने 28 जनवरी को अपने आदेश में ताहिर हुसैन को चुनाव प्रचार के लिए कस्टडी पेरोल पर रिहा करने का आदेश दिया था। आज से ताहिर हुसैन मुस्तफाबाद सीट से चुनाव प्रचार भी कर रहे हैं। इसके पहले कड़कड़डूमा कोर्ट ने शिफा उर रहमान को नामांकन दाखिल करने के लिए कस्टडी पेरोल पर रिहा करने का आदेश दिया था। शिफा उर रहमान ने याचिका दायर कर ओखला विधानसभा सीट से एआईएमआईएम से नामांकन दाखिल किया था। ओखला सीट से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार अमानतुल्लाह खान हैं।

अयोध्याः श्रद्धालुओं ने महाकुंभ स्पेशल ट्रेन पर की पत्थरबाजी, टूटे शीशे

अयोध्या, 29 जनवरी (एजेंसी)। अयोध्या रेल खंड पर कोतवाली क्षेत्र के मलेथू कनक हाल्ट रेलवे स्टेशन पर मंगलवार की देर शाम ट्रेन पर न बैठ पाने से नाराज श्रद्धालुओं ने हंगामा किया। बाद में पत्थरबाजी भी की। इससे ट्रेन की कई बोगियों के शीशे टूट गए। कुछ श्रद्धालुओं के घायल होने की सूचना भी है। बताया गया कि अयोध्या से प्रयागराज जा रही स्पेशल महाकुंभ ट्रेन संख्या 64222 लगभग 07:20 बजे मलेथू कनक हाल्ट रेलवे स्टेशन पर पहुंची। ट्रेन में श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा थी, जिसके चलते ट्रेन में मौजूद यात्रियों ने कई बोगी का गेट अंदर से बंद कर दिया। स्टेशन पर जैसे ही ट्रेन रुकी, श्रद्धालुओं ने ट्रेन में घुसने का प्रयास किया। कुछ तो कड़ी मशक्कत के बाद अंदर बैठ गए, लेकिन करीब 150 श्रद्धालु नहीं बैठ पाए और ट्रेन चलने लगी। ट्रेन में न बैठ पाने से आक्रोशित श्रद्धालुओं ने ट्रेन पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। पत्थरबाजी में ट्रेन की बोगी का कई शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। टूटा कांच प्लेटफार्म पर बुधवार को भी पड़ा था। ट्रेन में बैठे गार्ड को भी चोट लगने की जानकारी मिली है। वहीं, ट्रेन में सवार कुछ यात्रियों ने इसकी शिकायत रेलवे पुलिस सुल्तानपुर से की है। गेटमैन मोहम्मद वसीम ने बताया कि रेलवे के अधिकारियों को जानकारी दी गई है। बीकापुर कोतवाल लालचंद सरोज ने बताया कि पत्थरबाजी नहीं हुई थी। ट्रेन की बोगी का गेट बंद होने से यात्री गेट खोलने के लिए दरवाजा पीट रहे थे।

कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की अग्रिम जमानत याचिका हाईकोर्ट में खारिज

लखनऊ, 29 जनवरी (एजेंसी)। दुष्कर्म के आरोपी कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की अग्रिम जमानत याचिका पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। यह सुनवाई न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह की कोर्ट ने की। सांसद की ओर से अधिवक्ता अतुल वर्मा, सोमेश त्रिपाठी व अरविंद वर्मा ने पक्ष रखा। वहीं, पीड़िता की ओर से शासकीय अधिवक्ता ने बहस की। सिंगल बेंच ने सुनवाई के बाद सांसद की याचिका को खारिज कर दिया है और दो सप्ताह में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया। इसके पहले सीजेएम न्यायालय ने सोमवार को सांसद के खिलाफ गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया था। गौरतलब है कि दुष्कर्म मामले में सांसद को बीती 25 जनवरी को दूसरा नोटिस जारी कर दिया गया था। इसके बाद उन्हें 27 जनवरी तक सुबह 11 बजे कोतवाली में हाजिर होकर बयान दर्ज करवाने का मौका दिया गया था। वह सोमवार को कोतवाली नहीं पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गौरव प्रकाश की कोर्ट से गिरफ्तारी अधिपत्र जारी करवा लिया।

अयोध्या की भव्यता देख निहाल हुई नेपाल की सबसे कम उम्र की महिला सांसद

अयोध्या, 29 जनवरी (एजेंसी)। नेपाल की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की सबसे कम उम्र की सांसद विनीता कठायत परिवार के साथ प्रयागराज में महाकुंभ में स्नान कर रामलला का दर्शन करने अयोध्या पहुंचीं। रामलला का दर्शन करने के बाद मां सरयू का भी दर्शन किया। विनीता यहां की भव्यता को देखकर अयोध्या की तारीफ किए बिना नहीं रह पाई। यही नहीं उन्होंने सीएम योगी और पीएम मोदी की भी तारीफ की। दर्शन करने की बाद वे लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात भी करेंगी। नेपाल और भारत के संबंधों के साथ नेपाल और उत्तर प्रदेश के संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में भी बातचीत होगी। उन्होंने कहा कि प्रयागराज के महाकुंभ में थोड़ी बहुत दिक्कतें आई हैं। इस कारण से सीएम योगी महाकुंभ की निगरानी कर रहे हैं लेकिन उनकी मुलाकात होगी। उन्होंने तारीफ करते हुए कहा कि जिस तरह से सीएम योगी खुद महाकुंभ की निगरानी कर रहे हैं, यह वाकई में काबिले तारीफ है जिस तरह से भारत सरकार और यूपी सरकार ने अयोध्या में व्यवस्थाएं की हैं, वह बहुत ही खूबसूरत है। लोग यहां आएं, रामलला के दर्शन करें और नेपाल के जनकपुर भी आएं। विनीता ने कहा कि मित्र राष्ट्रों से और मित्रता बढ़ाई जाए। इसके लिए मैं पहल कर रही हूं। वैसे भी भारत और नेपाल का प्राचीन और सांस्कृतिक संबंध रहा है। सरयू नदी में आचमन भी किया। यह वही सरयू हैं जो नेपाल से आई हैं। मुझे बड़ा गर्व महसूस होता है कि मैं जहां की रहने वाली हूं यह नदी वहीं से आई है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश और नेपाल के बीच बहुत अच्छे संबंध हैं।

पूर्व श्रीलंकाई राष्ट्रपति राजपक्षे के बेटे हेराफेरी मामले में दोषी करार

कोलंबो, 29 जनवरी (एजेंसी)। श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के बड़े बेटे को 2015 से पहले भारतीय निवेश से जुड़े हेराफेरीके मामले में हाईकोर्ट ने दोषी ठहराया। 38 वर्षीय नमल राजपक्षे को 2016 में गिरफ्तार किया गया था। उनपर रग्बी के खेल को विकसित करने के लिए कृष होटल परियोजना के पैसे से 70 मिलियन श्रीलंकाई रुपये का दुरुपयोग करने का आरोप लगा है। कोलंबो के मध्य में स्थि कृष होटल परियोजना को रद्द कर दिया गया और अधूरा निर्माण कार्य अभी भी वैस ही पड़ा हुआ है। राहगीरों के लिए खतरे को देखते हुए एक अन्य अदालत में इसकी असुरक्षित स्थिति को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। अनुरा कुमार दिसानायके के राष्ट्रपति पद संभालने के बाद इस मामले को एक बार फिर उठाया गया, जिसके बाद पुलिस ने एकबार फिर नमल राजपक्षे से पूछताछ की। इसके एक हफ्ते बाद उनके छोटे भाई योशिथा को इसी तरह के संदिग्ध संपत्ति मामले को लेकर गिरफ्तार किया गया था, लेकिन सोमवार को उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। नमल राजपक्षे को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के बारे में मालूम चला। इस पोस्ट में कहा गया, यह स्पष्ट है कि वर्तमान सरकार ने राजपक्षे परिवार के खिलाफ राजनीतिक साजिश शुरू कर दी है।

बहनों की शादी का कार्ड बांटकर लौटते मजदूर भाई की मौत

▶ अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, परिवार में अकेला कमाने वाला था जितेन्द्र ▶ 18 फरवरी को तय थी दो बहनों की शादी, पत्नी, दो बच्चों को छोड़ गया

शामली, 29 जनवरी (एजेंसी)। एक हादसे ने गरीब मजदूर परिवार में बनी शादी की खुशियों को मातम में बदलकर रख दिया। परिवार का अकेला कमाने वाला युवक सड़क हादसे का शिकार हो गया। युवक बाइक पर अपनी दो बहनों की होने वाली शादी के लिए रिश्तेदारी में कार्ड बांटकर वापस लौट रहा था। उसकी मौत के कारण पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कांधला थाना क्षेत्र में दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर गांव नानूपुरी निवासी बाइक सवार जितेंद्र की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर घायल हो गया। गांव नानूपुरी निवासी जितेंद्र (30) पुत्र रामधन मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता था। उसकी दो सगी बहनों की शादी 18 फरवरी को होनी तय हुई है। मंगलवार को जितेंद्र अपने रिश्तेदार बागपत निवासी मोना के साथ बाइक पर शादी के कार्ड बांटने थानाभवन गया था। कार्ड देने के बाद दोनों बाइक से मंगलवार देर रात घर लौट रहे थे। दोनों युवक नानूपुरी गेट के निकट पहुंचे तो पीछे से तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। दोनों युवक सड़क किनारे जा गिरे। हादसे में जितेंद्र की मौके पर मौत हो गई और मोना गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को कस्बा स्थित निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचे शव का परिजनों ने गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया। बुधवार को ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर अज्ञात वाहन चालक की तलाश कर कार्रवाई करने और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की। मृतक युवक के चाचा तीर्थपाल की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जितेंद्र की मौत के बाद घर में उसके माता-पिता, पत्नी कुसुम, तीन वर्षीय बेटा रक्षित व दो वर्षीय बेटी विधि रह गई है। वह परिवार में अकेला कमाने वाला था। अब परिवार के सामने जीवन यापन करने की समस्या बन गई है। दोनों बहनों का भी रो-रोकर बुरा हाल था। वे रोते-बिलखते हुए बस यही कह रही थी कि भइया तू क्यों चला गया।

शहर के बीचोंबीच हुए हत्याकाण्ड का 12 घंटे में खुलासा, आरोपी के पैरों में ठोकी गोली

मुजफ्फरनगर, 29 जनवरी (बु.)। मंगलवार की रात मौहल्ला अग्रसेन विहार में हुई कंकरखेड़ा, मेरठ के रहने वाले विशाल देशवाल की हत्या का पुलिस ने दिन निकलते ही खुलासा कर दिया। पुलिस के अनुसार रात में ही आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम गठित कर ली गयी थी और नई मण्डी क्षेत्र सहित कई स्थानों पर रात से सुबह तक चैकिंग अभियान चलाया गया।

पुलिस को सूचना मिली कि हत्यारोपी भागने की फिराक में है और दिन निकलते ही मखियाली चेकपोस्ट पर जिस समय पुलिस चैकिंग कर रही थी, तब उन्हें दो संदिग्ध व्यक्ति आते दिखे। जब इन दोनों को चैकिंग के लिए रोका गया तो दोनों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर डाली और फायरिंग के बाद मुड़कर भागने लगे। पुलिस ने दोनों का पीछा किया और टीएस मान ट्रांसपोर्ट के सामने राजवाहा पटरी पर उनकी बाइक असंतुलित होकर गिर गयी। पुलिस के अनुसार दोनों ने यहां फिर से पुलिस पर फायरिंग की, जिसमें आत्मरक्षा में पुलिस को जवाबी फायरिंग करनी पड़ी, जिसमें मुख्य आरोपी योगराज त्यागी

उर्फ योगी निवासी सूर्यनगर, एटूजेड रोड घायल हो गया, जबकि दूसरे साथी को पुलिस ने पकड़ लिया। घायल योगराज त्यागी उर्फ योगी का उपचार जिला अस्पताल में भर्ती कर कराया गया, जबकि उसके दूसरा साथी बाल अपचारी होने के नाते बाल कल्याण अधिकारी के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से एक बाइक, तमंचा व कारतूस बरामद किये।

सिर्फ टशनबाजी के चलते कर दी हत्या

मुजफ्फरनगर। अपराधी कभी-कभी अपना वर्चस्व दिखाने के लिए किसी की जान तक ले लेते हैं। ऐसा ही कुछ मंगलवार की रात अग्रसेन विहार हत्याकाण्ड में हुआ। बताया जाता है कि छब्बीस जनवरी को दो गुटों के बीच झड़पें हुई थी, उसी का बदला लेने के लिए मंगलवार की रात योगराज त्यागी व उसका साथी विशाल व अनुज को गोली मारने के लिए चले गए। बताया जाता है कि मौके पर इन्होंने आठ गोलियां दागी जिसमें विशाल देशवाल की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि अनुज लाटियान अभी उपचाराधीन है। शायद टशनबाजी के चक्कर में उक्त दोनों भूल गए थे कि घटनाक्रम के बाद वे लम्बी जेल भी भुगत सकते हैं और ठीक वही हुआ। 12 घंटे से पहले ही पुलिस ने पूरे मामले की जांच कर दोनों को पकड़ने में सफलता हासिल की। बताया जाता है कि अभी एक और आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर है, जिसे पुलिस तलाशने में जुटी है।

अब चीन-पाकिस्तान की खैर नहीं! मोदी सरकार का बड़ा फैसला, पिनाका हथियार प्रणाली को कैबिनेट की मंजूरी

नई दिल्ली, 29 जनवरी (एजेंसी)। मोदी सरकार ने भारतीय सेना के पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर प्रणाली के लिए 10,000 करोड़ रुपये से अधिक का गोला-बारूद खरीद को मंजूरी दे दी है। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी की बैठक में यह मंजूरी दी गई है। रक्षा सूत्रों के अनुसार वित्तीय साल समाप्त होने से पहले इसके दो अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है। 6,050 करोड़ रुपये के दो प्रमुख कॉन्ट्रैक्ट सबसे कम बोली लगाने वाले सौर समूह, नागपुर स्थित निजी क्षेत्र के गोला-बारूद-बनाने वाली कंपनी को दी गई है। यह कांट्रेक्ट भारतीय सेना के 10 पिनाका रेजिमेंटों को स्पोर्ट करेगी। इनमें तीन रूसी-मूल स्मेरच और पांच ग्रेड रॉकेट रेजिमेंट शामिल हैं, इसके अलावा चार पिनाका रेजिमेंटों को पहले से ही इसमें शामिल किया गया है। बता दें कि छह अतिरिक्त रेजिमेंट संचालन की प्रक्रिया में है। सरकार के इस फैसले से सेना की मारक क्षमता और ज्यादा बढ़ोतरी होने के साथ ही मारक छमता को बल मिलेगा, जिस हथियार प्रणाली को मंजूरी मिली है, उस रॉकेट सिस्टम की मारक क्षमता 45 किमी है। यह चीन पाकिस्तान सीमा के लिए पर्याप्त है। गौरतलब है कि पिनाका सिस्टम को दुनिया के प्रमुख-लॉन्च रॉकेट सिस्टम में से एक माना जाता है। ये 45 किमी की रेंज और 37 किमी तक के क्षेत्र-में अटैक के साथ उच्च-विस्फोटक पूर्व-फ्रैगमेंटेड गोला-बारूद देने में सक्षम है। इनमें बम-टैंक के साथ लक्ष्य क्षेत्रों को डिजाइन किया गया है, इसमें एंटी-टैंक और एंटी-पर्सनेल खानों सहित, शस्त्रागार में महत्वपूर्ण टक्कर शामिल है। पिनाका के विस्तारित-रेंज वेरिएंट भी विकसित किए हैं, ये 75 किमी तक के लक्ष्य को प्रभावित करने में सक्षम हैं। मारक क्षमता को आगे 120 किमी तक और अंततः 300 किमी तक बढ़ाने की योजना है। सूत्रों बताया कि भारत सक्रिय रूप से अन्य स्वदेशी रक्षा उत्पादों के साथ पिनाका प्रणाली के निर्यात को बढ़ावा दे रहा है। इसके ब्राह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल और आकाश एयर डिफेंस सिस्टम उदाहरण है। बता दें कि आर्मेनिया ने पहले ही पिनाका और आकाश सिस्टम की खरीदी कर दी है, और कई आसियान, अफ्रीकी और यूरोपीय देशों ने इसे लेने के लिए अपनी दिलचस्पी दिखाई है। पिनाका अनुबंधों के अलावा, आर्मी की आर्टिलरी की रेजिमेंट इस वित्तीय वर्ष के भीतर 307 स्वदेशी उन्नत टो आर्टिलरी गन सिस्टम्स (एटीएजीएस) के लिए इस वित्तीय वर्ष के भीतर 8,500 करोड़ रुपये के एक और महत्वपूर्ण सौदे को अंतिम रूप देने के लिए तैयार है, जिसमें 48 किमी की रेंज है।

धुंध के कारण दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा, 25 से अधिक वाहन भिड़े

मेरठ, 29 जनवरी (एजेंसी)। घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण बुधवार सुबह दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। भोजपुर थाना क्षेत्र के कलछीना गांव के पास मेरठ से दिल्ली की ओर जा रहे करीब 25 से अधिक वाहन आपस में टकरा गए। इस हादसे के कारण एक्सप्रेसवे पर लंबा जाम लग गया और यातायात बाधित हो गया। दुर्घटना में 20 से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें से चार लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर घायलों को गाजियाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि बाकी घायलों को मौके पर ही प्राथमिक उपचार देकर छोड़ दिया गया। जानकारी के मुताबिक, सुबह घना कोहरा छाया हुआ था और विजिबिलिटी बेहद कम थी। इसी दौरान तेज रफ्तार से चल रहे वाहनों के चालकों को आगे का साफ नहीं दिखा, जिससे पहले कुछ वाहन आपस में टकराए और देखते ही देखते दूसरे वाहन उनसे टकरा गए। हादसे के तुरंत बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। कई वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और कुछ वाहन चालकों और यात्रियों को चोटें आईं। दुर्घटना में कारें, ट्रक, और अन्य हल्के वाहन शामिल थे। घटना की सूचना मिलते ही भोजपुर थाना पुलिस और एक्सप्रेसवे की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंच गई। उन्होंने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाने का काम किया, ताकि यातायात जल्द से जल्द सुचारू हो सके। इसके अलावा, एम्बुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। एक्सप्रेसवे पर दुर्घटना के बाद लंबा जाम लग गया, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

14 वर्षीया किशोरी ने की आत्महत्या

मुजफ्फरनगर, 29 जनवरी (बु.)। प्रेमपुरी मौहल्ले की रहने वाली 14 वर्षीया किशोरी ने आत्महत्या कर ली। परिजनों ने जब कमरे में जाकर देखा तो किशोरी फांसी के फंदे से लटकी हुई थी। आनन-फानन में परिजन किशोरी को जिला चिकित्सालय ले गये, जहां डॉक्टरों ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया, जब तक परिजन किशोरी को लेकर अस्पताल पहुंचे तो पुलिस भी वहां पहुंच गयी, मगर बिना पुलिस को सूचना दिये परिजन किशोरी के शव को लेकर वापस घर लौट गये। समाचार लिखे जाने तक पुलिस किशोरी के घर जाने की तैयारी कर रही थी।

कुटबी पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी

डॉ. संजीव बालियान के आवास पर पहुंचकर शोक व्यक्त किया

शाहपुर, 29 जनवरी (बु.)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने गांव कुटबी पहुंच पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान की ताई के निधन पर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान की ताई व मंसूरपुर गन्ना समिति के चेयरमैन अरुण बालियान की माता का निधन हो गया था। बुधवार दोपहर को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य भूपेंद्र चौधरी गांव कुटबी पहुंचे और उन्होंने पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री सहित उनके पिता चौधरी सुरेंद्र सिंह के अलावा मंसूरपुर गन्ना समिति के चेयरमैन अरुण बालियान व जिला पंचायत सदस्य सतेंद्र बालियान से मिलकर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। इसके अलावा शामली के रालोद विधायक प्रसन्न चौधरी ने भी अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व अन्य परिजनों से कहा कि दुःख की इस घड़ी में वह व पार्टी उनके साथ है। इस दौरान भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसौदिया, जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, मेरठ जिलाध्यक्ष शिवकुमार राणा, पूर्व विधायक अशोक कंसल, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन ठाकुर रामनाथ, पूर्व जिलाध्यक्ष देवव्रत त्यागी, जिला पंचायत सदस्य विजय चौधरी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष परमेश सैनी, भाजपा नेता राजू अहलावत, अरविंद पाल, सोनू सैनी सभासद, मनोज सैनी सभासद, विजय सैनी, सुधीर खटीक, मनोज कश्यप आदि सहित दर्जनों भाजपा नेता व कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

खतौली में स्वास्थ्य विभाग ने सील की दो अवैध पैथोलॉजी लैब

खतौली, 29 जनवरी (बु.)। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के आदेशों के अनुपालन में खतौली सीएचसी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अवनीश कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा अपंजीकृत पैथोलॉजी लैब संचालकों के विरुद्ध जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नगर क्षेत्र में दो अपंजीकृत लैब चलती मिली। इस लैब संचालकों द्वारा निरीक्षण के दौरान कोई भी वैध पंजीकरण आदि अभिलेख दिखाने में असमर्थता व्यक्त किये जाने पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अवनीश कुमार द्वारा दोनों लैबों के विरुद्ध सीलिंग की कार्यवाही की गयी तथा नोटिस निर्गत किये गये। उल्लेखनीय है कि नगर क्षेत्र में अपंजीकृत लैब का संचालन निरन्तर बढ़ रहा है, जिनके द्वारा गलत जांच का खामियाजा मरीजों को झेलना पड़ रहा है। परन्तु स्वास्थ्य विभाग की चेतावनी के पश्चात नगर क्षेत्र में इन अवैध लैब का संचालन प्रचार-प्रसार के साथ धड़ल्ले से हो रहा है तथा स्वास्थ्य विभाग मात्र औपचारिकताओं तक सीमित बनकर मरीजों के जीवन से खिलवाड़ किये जाने के प्रति मात्र चेतावनी तक सीमित बना नजर आता दिखायी पड़ रहा है।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के खिलाफ सोनीपत की अदालत में मामला दर्ज

चंडीगढ़, 29 जनवरी (वार्ता) दिल्ली में सप्लाई किए जाने वाले पानी को लेकर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बयान को लेकर हरियाणा सरकार ने सोनीपत की अदालत में आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत मामला दायर किया है। यह जानकारी बुधवार को प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल दी। उन्होंने कहा कि श्री केजरीवाल का बयान बेतुका और भ्रमित करने वाला है। उन्होंने कहा कि श्री केजरीवाल ने ऐसा बयान देकर दिल्ली ही नहीं हरियाणा की जनता में भी भय फैलाने का काम किया है। मंत्री ने कहा कि श्री केजरीवाल यह दावा कर रहे हैं कि उन्होंने तथाकथित 'जहरीले पानी' को दिल्ली में प्रवेश करने से रोक दिया, लेकिन उनके पास इस दावे का कोई सबूत नहीं है। श्री गोयल ने कहा कि हरियाणा सरकार श्री केजरीवाल के 'घटिया' और 'गैरजिम्मेदाराना' बयान के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है।

सुप्रीम कोर्ट ने 'तीन तलाक' पर दर्ज मुकदमों का केंद्र सरकार से मांगा आंकड़ा

नई दिल्ली, 29 जनवरी (वार्ता) उच्चतम न्यायालय ने मुस्लिम महिला अधिनियम, 2019 के तहत प्रतिबंधित 'तीन तलाक' के जरिए तलाक के मामलों में मुस्लिम पुरुषों के खिलाफ दर्ज मुकदमे और दाखिल आरोप पत्र की संख्या का आंकड़ा पेश करने का बुधवार को केंद्र सरकार को निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने तीन तलाक को अपराध बनाने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा, "अब सभी मुकदमे केंद्रीकृत हो गए हैं.. अब हमें बताएं कि कितने मामले लंबित हैं। क्या अन्य उच्च न्यायालयों में कोई चुनौती लंबित है।"

भगदड़ छोटी-मोटी घटना, योगी सरकार के मंत्री संजय निषाद का विवादित बयान

हरदोइ, 29 जनवरी (एजेंसी)। महाकुंभ मेले में भगदड़ को लेकर योगी सरकार के मंत्री संजय निषाद ने विवादित बयान दिया है। निषाद ने कहा है कि इतनी बड़ी भीड़ में छोटी-छोटी घटनाएं हो जाती है। लोगों को महाकुंभ में जहां जगह मिल रही है, वहीं पर स्नान कर लेना चाहिए। निषाद ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की भी अपील की है। मौनी अमावस्या को लेकर महाकुंभ में भीड़ जुटी थी। बुधवार तड़के 1।30 बजे भगदड़ मच गई। इस भगदड़ में 24 लोगों के मारे जाने की आशंका है। हालांकि, यूपी सरकार ने अब तक आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया है। इसी बीच हरदोई में जब पत्रकारों ने निषाद से इसको लेकर सवाल पूछा तो निषाद ने पूरी घटना को छोटी-मोटी घटना कह दिया। संजय निषाद ने यहां पर कहा- इतने बड़े प्रबंधन और इतनी बड़ी भीड़ में छोटी मोटी घटनाएं हो जाती है। लोगों को जहां जगह मिले वहां स्नान कर लेना चाहिए ज्यादा अफवाह में नहीं पड़ना चाहिए। निषाद ने आगे कहा कि किन परिस्थितियों में घटना हुई वह अलग है, लेकिन आगे हम लोग चाहते हैं की शांति रहे और जहां मौका मिले जहां घाट हो उसी जगह पर लोग स्नान करें उन्होंने कहा यह हमारी अपील है। संजय निषाद ने कहा कि दुखद घटना है और मुख्यमंत्री खुद पूरे मामले में एक्टिव हैं। वे देख रहे हैं और तुरंत मामले को कंट्रोल कर रहे हैं। अखिलेश यादव के महाकुंभ पर दिए बयान पर बोलते हुए मंत्री संजय निषाद ने कहा कि यह उनका निजी बयान हो सकता है उसे पर उन्हें टिप्पणी नहीं करना है।

शाहपुर से देर रात लापता युवक को सुबह पुलिस ने कंकरखेड़ा से बरामद किया

पूरी रात कांबिंग में जुटे रहे पुलिस एवं ग्रामीण

शाहपुर, 29 जनवरी (बु.)। थाना पुलिस ने गांव पलड़ी निवासी लापता युवक को मेरठ के कंकरखेड़ा से बरामद कर लिया है। पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है। क्षेत्र के गांव पलड़ी निवासी करीब